हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 11.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 283 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की 45वीं वर्षगांठ और गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव समारोह को किया संबोधित, कहा

# आज पूरी दुनिया भारत के आध्यात्मिक मूल्यों से प्रभावित


एजेंसी

**बेंगलुरु :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कोई भी अभियान तब सफल होता है, जब उसके साथ समाज की शक्ति जुड़ जाती है। उन्होंने कहा कि समाज, राजनीति और सरकारों से भी अधिक शक्तिशाली होता है। कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है, जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए।

प्रधानमंत्री बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की 45वीं वर्षगांठ और गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नवनिर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन कर संस्था की मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण तथा सामाजिक परिवर्तन से जुड़ी राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों की शुरूआत की।

अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज की सुबह अलग अनुभूति लेकर आई है। बच्चों के वैदिक मंत्रों से स्वागत, भगवान गणेश के दर्शन, श्रीश्री रविशंकर के 70 वर्ष और आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष जैसे पल उनकी स्मृतियों में हमेशा बने रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुदेव ने मंच से जो बातें कहीं, लोगों को भले लगा हो कि वह उनकी प्रशंसा कर रहे थे लेकिन उन्हें ऐसा लगा जैसे उन्हें और अधिक काम सौंपा जा रहा हो। उन्होंने कहा, जब आपका शताब्दी समारोह होगा तब मैं फिर से आऊंगा।

मोदी ने कहा कि दिव्य और भव्य ध्यान मंदिर का लोकार्पण इस बात




का प्रतीक है कि जब संकल्प स्पष्ट हो और सेवाभाव से कार्य किया जाए तो हर प्रयास का सुखद परिणाम मिलता है। उन्होंने कहा, बाकी कुछ हो या न हो, हम सब लोटस की छत्रछाया में हैं। गुरुदेव का आशीर्वाद है तो लोटस की छत्रछाया ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु दुनिया में सॉफ्टवेयर और सेवाओं के लिए जाना जाता है लेकिन इस शहर ने भारत की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई दी है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के आध्यात्मिक मूल्यों से प्रभावित हो रही है और इन्हीं प्राचीन परंपराओं से प्रेरित होकर 45 वर्ष पहले श्रीश्री रविशंकर ने आर्ट ऑफ लिविंग का बीज बोया था, जो आज विशाल वटवृक्ष के रूप में लोगों के जीवन को स्पर्श कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां अनेक भाषाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज और उपासना पद्धतियां हैं। इन विविधताओं को जोड़ने वाला मूल तत्व स्वयं के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीना है। मोदी ने कहा कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही संस्कारों की धारा समाज को प्रेरित करती है और भारत के अनेक आध्यात्मिक आंदोलनों ने मानव सेवा के माध्यम से ही स्वयं को अभिव्यक्त किया है।

मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का उदाहरण देते हुए कहा कि यह अब सरकारी कार्यक्रम न रहकर लोगों के जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बन चुका है और समाज की शक्ति से ही आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब समाज जुड़ता है, तब देश की सबसे बड़ी चुनौतियों का भी सामूहिक समाधान निकाला जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं, जनजातीय समाज, ग्रामीण समुदायों और कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था ने सामाजिक सरोकारों को अपने कार्यक्रमों में विशेष महत्व दिया है। उन्होंने युवाशक्ति पर संस्था के फोकस की भी प्रशंसा की और कहा कि आज विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नई संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। भारत केवल बदलाव में भागीदारी नहीं कर रहा बल्कि अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी कर रहा है। भारत की डिजिटल क्रांति ने देश को डिजिटल भुगतान में वैश्विक का नेतूतवकर्ता बनाया है, देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है और भारतीय युवा अंतरिक्ष में अपनी सैटेलाइट भेज रहे हैं।

मोदी ने कहा कि आज तकनीक के जरिए लोग एक पल में दुनिया से जुड़ जाते हैं, लेकिन स्वयं से जुड़ना भी उतना ही जरूरी है और यह भारत की महान आध्यात्मिक परंपराओं से संभव होता है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण ऐसे युवाओं से होगा जो मानसिक रूप से शांत, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और समाज के प्रति संवेदनशील हों।

## पीएम के कार्यक्रम स्थल के पास मिलीं जिलेटिन की छड़ें, सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप, एक व्यक्ति हिरासत में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेंगलुरु दौरे के दौरान बड़ा सुरक्षा अलर्ट सामने आया है। शहर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल के पास सड़क किनारे से जिलेटिन की दो छड़ें बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद बेंगलुरु के बाहरी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि विस्फोटक सामग्री वहां कैसे पहुंची। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि जिलेटिन की छड़ें वहां किस उद्देश्य से रखी गई थीं और क्या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। इसके अलावा यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में और लोग शामिल हैं या नहीं। घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पहले से ही हाई सिक्योरिटी व्यवस्था लागू थी, लेकिन जिलेटिन बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को और सतर्क कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक आसपास के क्षेत्रों में भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। फिलहाल पुलिस यह साफ नहीं कर पाई है कि बरामद जिलेटिन सक्रिय स्थिति में था या नहीं। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मामला कितना गंभीर था। हालांकि पीएम मोदी के कार्यक्रम के इतने करीब विस्फोटक सामग्री मिलने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। यह कार्यक्रम कग्गलीपुरा के पास कनकपुरा रोड स्थित आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर में आयोजित किया गया था। पुलिस के मुताबिक रूटीन सुरक्षा जांच के दौरान कग्गलीपुरा थाना क्षेत्र के तातागुनी इलाके में फुटपाथ किनारे जिलेटिन की दो छड़ें बरामद की गईं। यह स्थान प्रधानमंत्री के मुख्य कार्यक्रम स्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद में सिंधु अस्पताल का किया उद्घाटन




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में सिंधु अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जोड़ने के प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल की टीम ने आधुनिक तकनीक के समावेश पर विशेष ध्यान दिया है, जो सराहनीय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंधु अस्पताल के शुरू होने से हैदराबाद और आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# तमिलनाडु के नये मुख्यमंत्री बने विजय

एजेंसी

**चेन्नई :** तमिलगा वेत्री कझगम के चीफ सी. जोसेफ विजय रविवार को सुबह चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 9 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इस समारोह में कई सीनियर नेशनल और रीजनल पॉलिटिकल लीडर्स, फिल्मी हस्ती और पार्टी वर्कर्स शामिल हुए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। टीवीके 2026 के तमिलनाडु असेंबली इलेक्शन में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पार्टी ने 234 मेंबर वाली असेंबली में मेजॉरिटी का आंकड़ा पार करने के लिए कई पार्टियों का सपोर्ट हासिल किया। हालांकि टीवीके को अपने दम पर सिंपल मेजॉरिटी नहीं मिली, लेकिन इलेक्शन रिजल्ट्स के तुरंत बाद कांग्रेस ने विजय को समर्थन दे दिया। कम्युनिस्ट पार्टियों, विदुथलाई चिरुथैगल काची और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भी विजय की लीडरशिप वाली सरकार को बिना शर्त सपोर्ट देने का ऐलान किया।

शपथ ग्रहण के बाद राहुल गांधी ने विजय को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तमिलनाडु ने नई पीढ़ी, नई आवाज और नई सोच को चुना है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि तमिलनाडु की जनता ने बदलाव के पक्ष में अपना फैसला दिया है। राहुल ने उम्मीद जताई कि विजय राज्य की जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

### 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ




### तमिलनाडु में हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त

तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख सी जोसेफ विजय ने आज शपथ ग्रहण करने के बाद तमिलनाडु सचिवालय में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद सबसे पहले महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल के गठन और घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने से जुड़ी पहली फाइलों पर हस्ताक्षर किए।

### एम. वी. करुप्पैया बने प्रोटेम स्पीकर

तमिलनाडु की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरूआत के बीच शोलावंदन से तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) विधायक एम |वी | करुप्पैया को विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया। रविवार को राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सी। जोसेफ विजय भी मौजूद रहे। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब अभिनेता से नेता बने विजय ने रविवार को ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। 2026 विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटों पर जीत दर्ज की और राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव लाने में सफलता हासिल की।

## हंता वायरस प्रभावित जलपोत पहुंचा स्पेन अबतक तीन की हो चुकी है मौत, 5 संक्रमित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हंता वायरस संक्रमण से प्रभावित क्रूज पोत 140 से अधिक लोगों को लेकर स्पेन के टेनेरीफ पहुंच गया है। यह कैनरी द्वीपसमूह के सबसे बड़े द्वीप है। क्रूज पोत से यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को उतारा जा रहा है। पोत से उतारने के बाद यात्रियों को स्वदेश भेजा जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्पेन के अथॉरिटी और क्रूज कंपनी ओशनवाइड एक्सपेडिशंस ने कहा है कि एमवी होंडियस पर सवार किसी भी व्यक्ति में फिलहाल वायरस के लक्षण नहीं दिख रहे। वायरस से पोत में सवार तीन लोगों की हो चुकी है मौत, 5 संक्रमित हंता वायरस के कारण पोत में सवार तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि पोत से उतर चुके पांच यात्री हंता वायरस से संक्रमित हैं। यह वायरस जानलेवा बीमारी का कारण बन सकता है।

### हिमंत बिस्वा सरमा ने पेश किया सरकार बनाने का दावा, कल लेंगे शपथ

**गुवाहाटी :** असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। राजग विधायक दल के नेता और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को लोक भवन में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर राज्य में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया सहित राजग के कई विधायक भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि असम में भाजपा नेतृत्वाधीन नई राजग सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 12 मई को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में भाजपा और सहयोगी दलों के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### एल्विश यादव से लॉरेंस गैंग ने मांगी 10 करोड़ की रंगदारी

**गुरुग्राम :** यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर उनसे 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। धमकी विदेशी नंबर से व्हाट्सएप मैसेज के जरिए दी गई। मैसेज भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी रणदीप मलिक बताया है। रविवार को मामले की शिकायत मिलने के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-56 थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कि धमकी के मैसेज कहां से भेजे गए।

## सॉल्वर गैंग का खुलासा : मास्टर कंप्यूटर के जरिए हल किये जा रहे थे प्रश्न पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा 2026 में छात्रों को पास करवाने के लिए सॉल्वर गैंग ने बड़ी हाईटेक साजिश रची थी। सटीक सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने सीआईडी और इंडियन साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर की सहायता से छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है।

रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि एसएससी जीडी कांस्टेबल 2026 परीक्षा की प्रथम पाली की परीक्षा केन्द्र कोड 160513 पर परीक्षा के दौरान लैब-01 के कुछ कंप्यूटर सिस्टम के मॉनिटर में सिस्टम का क्रशर अपने आप चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना स्थानीय पुलिस को और प्रतिनियुक्त परीक्षा नोडल पदाधिकारी को भी दी गई।



सूचना प्राप्त होते ही रांची पुलिस के द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में कई टीम गठित कर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा सेंटर के सेंटर सुपरीटेंडेंट और सेंटर आईटी हेड के साथ 06 अभ्यर्थियों के विरुद्ध सुखदेवनगर (पंडरा) थाना कांड संख्या-167/26 दिनांक-09।05।26 धारा-318 (4)/319 (2)/61 (2) भा०न्या०स० एवं 66 (सी)/66(डी)/43 आईटी एक्ट और परीक्षा अधि० की धारा-10/11 के तहत मामला दर्ज कराया गया।

# योगी मंत्रिमण्डल का विस्तार, छह नये चेहरे शामिल

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार के मंत्रिमण्डल विस्तार में छह नये चेहरों को शामिल किया गया है। इनमें चार को राज्यमंत्री और दो को कैबिनेट स्तर का मंत्री बनाया गया है। वहीं योगी सरकार के दो राज्य मंत्रियों का प्रमोशन किया गया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रविवार को जन भवन के गांधी सभागार में इन मंत्रियों को शपथ दिलायी। मंत्रिमंडल में जिन नए चेहरों कोजगह मिली है उनमें भूपेन्द्र चौधरी, मनोज पांडेय, कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेन्द्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा शामिल हैं। योगी सरकार के जिन दो राज्य मंत्रियों का प्रमोशन हुआ है उनमें राज्य



मंत्री सोमेन्द्र तोमर और राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। राज्य के भूपेन्द्र चौधरी और मनोज पांडे को कैबिनेट मंत्री और कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेन्द्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा कोराज्य मंत्री बनाया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे।

मंत्रिमण्डल विस्तार में यूपी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और रायबरेली जिले से मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। प्रमोशन पाने वाले राज्य मंत्रियों में अजीत सिंह पाल और सोमेन्द्र तोमर ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा ने राज्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचीं सांसद सुप्रिया सुले

**मुंबई :** एनसीपी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले शनिवार देररात सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचीं। मुंबई-पुणे हाइवे पर उनकी कर को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार को मामूली नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि सुप्रिया की कार में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। सांसद सुप्रिया ने बताया कि वह पुणे से मुंबई जा रही थीं। पीछे से आ रहे वाहन क्रमांक (जीजे 13 सीएफ 5257) ने उनकी कार को किनारे से जोरदार टक्कर मार दी। सौभाग्य से इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई और सभी लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना लोगों की जान को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने नागरिकों से सीट बेल्ट का उपयोग करने, सावधानी बरतने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने की अपील की है। सुप्रिया बारामती से लोकसभा सदस्य हैं।

### मंत्री संजीव अरोड़ा सात दिन की ईडी रिमांड पर

**गुरुग्राम (हरियाणा):** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को रविवार सुबह अदालत में पेश किया। अदालत ने अरोड़ा को सात दिन के रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। उनसे गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी ने शनिवार को अरोड़ा के चंडीगढ़, गुरुग्राम स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। वह लुधियाना वेस्ट से विधायक हैं। ईडी ने करीब 10 घंटे तक चली छापेमारी के बाद शनिवार शाम पांच बजे मंत्री संजीव अरोड़ा को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। ईडी सूत्रों के अनुसार, मंत्री संजीव अरोड़ा व उनसे संबंधित कंपनियों पर 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के जरिये फर्जी एक्सपोर्ट दिखाने के आरोप हैं। इन्हीं आरोपों में उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

### भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन 31 मई को

**नयी दिल्ली :** भारत और अफ्रीकी संघ आयोग के सहयोग से 31 मई को नई दिल्ली में चौथे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन होगा, जो दोनों क्षेत्रों के बीच पारस्परिक संबंधों को प्रगाढ़ करने और भविष्य के सहयोग की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। 'आईए स्पिरिट: नवाचार, लचीलापन और समावेशी परिवर्तन के लिए भारत-अफ्रीका रणनीतिक साझीदारी' के मुख्य विषय के साथ होने वाले इस सम्मेलन में अफ्रीकी महाद्वीप के शीर्ष नेता और क्षेत्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिसका उद्देश्य भारत की विकास यात्रा को अफ्रीका के 'एजेंडा 2063' के साथ जोड़ना है। विदेश मंत्री डॉ। एस। जयशंकर ने बीते 23 अप्रैल को इस शिखर सम्मेलन के आधिकारिक प्रतीक चिह्न (लोगो), वेबसाइट और थीम का अनावरण किया था, जो इस दीर्घकालिक साझीदारी के बहुआयामी स्वरूप को प्रदर्शित करता है। मुख्य शिखर सम्मेलन से पूर्व कूटनीतिक स्तर पर बैठकों का दौर शुरू होगा, जिसके तहत 28 मई को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक और 29 मई को भारत-अफ्रीका विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की जाएगी ताकि सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की जा सके। यह शिखर सम्मेलन वर्ष 2008 में नई दिल्ली से शुरू हुई उस ऐतिहासिक यात्रा का अगला चरण है, जिसने दिल्ली घोषणापत्र और रणनीतिक सहयोग के माध्यम से विकासशील देशों के बीच दक्षिण-दक्षिण सहयोग की एक नई मिसाल पेश की है।

## एक नजर

### नए पुलिस इंस्पेक्टर से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने की मुलाकात



**बड़कागांव :** बड़कागांव अंचल के नए पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने 11 वें पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इनके पदभार ग्रहण के पश्चात भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने औपचारिक मुलाकात किया। प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने नए पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा को बुके व अंग वस्त्र देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दरमियान नौशाद आलम ने क्षेत्र के कई मुख्य बातों से अवगत कराया और कानून व्यवस्था को और बेहतर करने की उम्मीद जताए। स्वागत कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम, तनवीर आलम , शाहनवाज आलम, खुर्शीद आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने एंटी क्राइम को लेकर चेकिंग अभियान चलाया



**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के निदेशानुसार एंटी क्राइम को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह चेकिंग बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बादम बड़कागांव मुख्य सड़क ढेंगा कॉलोनी के समीप की गई।इस अभियान में मुख्य रूप से दोपहिया एवं चार पहिया दर्जनों वाहन की डिक्की,साथ में रख बैग आदि की मुख्य रूप से चेकिंग की गई , ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से बड़कागांव पुअनी वरुण कुमार सिंह व पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

### मातृ दिवस पर सुनीता देवी का भावपूर्ण संदेश माँ को बताया जीवन की सबसे बड़ी शक्ति



**चौपारण :** मातृ दिवस के अवसर पर पाण्डेयबारा की पूर्व मुखिया प्रत्याशी एवं समाजसेवी सुनीता देवी ने माताओं के सम्मान में भावपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि माँ करुणा, दया, त्याग और ममता की साक्षात प्रतिमूर्ति होती हैं। उन्होंने कहा कि माँ केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज को संस्कारवान और मजबूत बनाने वाली सबसे बड़ी शक्ति होती है।सुनीता देवी ने कहा कि माँ का निःस्वार्थ प्रेम जीवन की हर कठिन परिस्थिति में संबल देता है। माँ अपने बच्चों को केवल जन्म ही नहीं देती, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, शिक्षा, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों से सजाकर एक बेहतर इंसान बनाती है। उन्होंने कहा कि माँ का स्नेह और समर्पण अतुलनीय होता है, जिसकी तुलना दुनिया में किसी से नहीं की जा सकती। उन्होंने भारतीय संस्कृति में माँ के सर्वोच्च स्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे धर्म और साहित्य में माँ को देवी के समान सम्मान दिया गया है। माँ के चरणों में स्वर्ग बसता है और उनका आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है। मौके पर सुनीता देवी ने सभी लोगों से अपनी माताओं के सम्मान, सेवा और आदर का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि मातृ दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि माँ के प्रति प्रेम और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है।

# मातृ दिवस पर हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड एज होम में बांटी खुशियां, बुजुर्गों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मातृ दिवस के पावन दिन पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा ओल्ड एज होम में विशेष सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य वहां निवास कर रही मातृशक्ति एवं बुजुर्गों के बीच पहुंचे और पूरे आत्मीय भाव के साथ मातृ दिवस मनाया। इस दौरान ओल्ड एज होम का वातावरण भावुकता, सम्मान और अपनत्व से सराबोर हो उठा। संस्था की ओर से बुजुर्गों के बीच फल, बिस्किट ग्लूकोन-डी, हॉर्लिक्स, दूध के पैकेट, जूस, मुरी सहित कई आवश्यक खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने एक-एक बुजुर्ग से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा उनके साथ समय बिताया। कार्यक्रम के दौरान कई बुजुर्ग भावुक हो उठे। किसी ने अपने परिवार की बातें साझा कीं तो किसी ने अपने जीवन के अनुभव सुनाए। पूरे धैर्य और आत्मीयता के साथ उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपनेपन का एहसास कराया। मातृ दिवस के इस खास मौके पर बुजुर्ग माताओं के चेहरों पर जो मुस्कान देखने को मिली, वह पूरे कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि बन गई। कार्यक्रम के दौरान कई बुजुर्गों ने कहा कि ऐसे अवसर उन्हें अकेलेपन से बाहर निकालते हैं और यह एहसास कराते हैं कि वे समाज के लिए आज भी महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के समापन पर वहां उपस्थित सभी बुजुर्गों ने संस्था के सभी सदस्यों को दोनों हाथ उठाकर आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान ओल्ड एज होम में एक पारिवारिक वातावरण देखने को मिला। गौरतलब है कि हजारीबाग यूथ विंग समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि माता केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, ममता और संस्कार का सबसे बड़ा स्वरूप होती हैं। मातृ दिवस का वास्तविक उद्देश्य केवल शुभकामनाएं देना नहीं, बल्कि उन माताओं और बुजुर्गों तक पहुंचना है जिन्हें सबसे अधिक अपनेपन और सहारे की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग हमेशा समाज के हर वर्ग के बीच सेवा कार्य करता रहा है और आगे भी संस्था इसी भावना के साथ जनसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि ओल्ड एज होम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताना संस्था के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होती है। आज के दौर में जरूरत इस बात की है कि युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों के सम्मान और देखभाल के प्रति अधिक संवेदनशील बने। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खण्डेलवाल, संस्था के मार्गदर्शक डॉक्टर बी वेंकटेश ,संजय कुमार, विकाश केशरी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश जैन, विवेक तिवारी, सनी देव, सेजल सिंह, सत्यनारायण सिंह, सनी सलूजा, साक्षी राणा सहित कई लोग उपस्थित रहें।

## सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा को लेकर बनी रणनीति, श्रद्धालु करेंगे काशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत उरीमारी मंडल के नापो खुर्द पंचायत में आगामी सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने की। इस दौरान 23 जून 2026 को प्रस्तावित तीर्थ यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नापो खुर्द पंचायत से श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ मंदिर, त्रिवेणी संगम प्रयागराज, श्री राम मंदिर अयोध्या धाम एवं विंध्याचल मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि यह यात्रा धर्म, संस्कृति और आस्था को मजबूत करने के साथ श्रद्धालुओं के लिए यादगार अवसर साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन सांसद सारथी सुमन गिरी ने किया।



बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह, सांसद तीर्थ यात्रा प्रभारी जुगनू सिंह, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, राजेंद्र जी, भगीरथ ठाकुर, त्रिवेणी महतो, गणेश साव, अशोक साव, किशोर राणा, कृष्णा गुप्ता, विनोद महतो, हीरालाल साव, विष्णु गुप्ता, रोहन साव एवं फागुन राणा समेत कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 164वी जयंती के अवसर पर बेंगॉली एसोसिएशन हजारीबाग के द्वारा स्थानीय यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन शनिवार शाम को किया गया। भारती सान्याल, बिकास चौधरी, रूपा चटर्जी, दिलीप गुप्ता और अरविंद चौधरी ने मंगल द्वीप प्रज्वलित कर तथा गुरुदेव के चित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मनोज सेन अपने संबोधन में रवींद्रनाथ के जीवन और चिंतन से संबंधित कई रोचक तथ्यों की जानकारी सबको दी।



तनुश्री मुखर्जी, मधुच्छंदा मुखर्जी, तापोषी दास, तनुश्री चटर्जी, मंदिरा गुप्ता, दोला गुहा, बोनिता दे, शंपा चौधरी, सुहाष सर्वाधिकारी, देवादित्य दत्ता एवं रमानाथ दास गोस्वामी ने मिलकर गुरुदेव के जन्मदिन की गीत 'हे नूतन...' का समूह गायन किया। आद्रिका दास गोस्वामी द्वारा गार्गी विश्वास के गीत तथा तापसी दास द्वारा हारमोनियम में संगत पर, एकल नृत्य की प्रस्तुति की गई। शनिवार को पूर्वाह्न में आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को शंकर बनर्जी, बिकास चौधरी तथा सूतनु राय के द्वारा पुरस्कार दिए गए। मधुच्छंदा मुखर्जी द्वारा प्रस्तुत रविंद्रसंगीत ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। पार्श्व गायन तथा कथा पर मौमिता गांगुली द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य-नाटिका ने सबको मंत्रमुग्ध किया।

## भाजपा बरही पश्चिमी मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** रविवार भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी मंडल की संगठनात्मक बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने की।

बैठक के दौरान नव चयनित मंडल पदाधिकारियों का अंग वस्त्र एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। सम्मानित होने वालों में मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, प्रमोद सिंह, बिपिन सिंह, गिरजा देवी, इंदरदेव ठाकुर, महामंत्री मनोज उपाध्याय एवं दिनेश साव, मंडल मंत्री बासुदेव यादव, संतोष निषाद, सुमन देवी, उपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष गौतम सिंह तथा सोशल मीडिया प्रभारी संजय कुशवाहा प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में प्रभारी के रूप में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चौपारण विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने "संगठन गढ़े चलो" मंत्र के साथ संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजना एवं भाजपा परिवार में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं जिला के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान एवं संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, झमन यादव, प्रकाश ठाकुर, हरी यादव, रंजीत यादव, ब्रजेश ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार यादव, दिलीप कुमार, राजकुमार केसरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में बूथ जीता चुनाव जीता के संकल्प के साथ आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई तथा पन्ना प्रमुख तक संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया।

## विधायक मनोज यादव ने अब्दुल कलाम पार्क का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज यादव ने प्रखण्ड परिसर में निमार्णाधीन अब्दुल कलाम पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक मनोज यादव ने कहा कि अब्दुल कलाम पार्क को आम लोगों की सुविधा और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। पार्क बनने के बाद स्थानीय लोगों को घूमने, बच्चों को खेलने तथा बुजुर्गों को बैठने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पार्क में लोगों की जरूरत के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और



जनसुविधाओं को बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। पार्क के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि यह क्षेत्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, मुखिया विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, टिंकू आलम, डॉ. कैलाश केशरी, दीपक कुमार, सिकंदर कुमार, रामचन्द्र साव समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय पेटो में ग्रामीणों की बैठक, प्रदूषण कमेटी के फंड में 1.5 करोड़ की आय पर उठे कई सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** हजारीबाग प्रखंड पेटो पंचायत क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय पेटो प्रांगण में ग्रामीणों की पूर्व निर्धारित बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने की, जबकि संचालन उपमुखिया लक्ष्मण साव ने किया। बैठक में चट्टी बरियातू एवं केडी माइंस एनटीपीसी से जुड़े किसान, बेरोजगार, विस्थापित एवं प्रभावित कमिटी के नाम पर प्रदूषण मद में मिलने वाली राशि को लेकर विशेष चर्चा हुई। विभिन्न वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदूषण के नाम पर मिलने वाली राशि का सार्वजनिक रूप से वितरण नहीं किया जा रहा है तथा गांवों को अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में प्रदूषण



लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके अनुरूप सुविधाएं और राहत कार्य नहीं दिख रहे हैं। बैठक में पारदर्शिता के साथ राशि वितरण करने तथा प्रभावित गांवों में सड़क, पानी, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। अध्यक्षता कर रहे पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने कहा की कमिटी गठित के समय से अब तक लगभग 1.45 करोड़ रुपया प्राप्त हुए जिसका कुछ ही राशि वितरण किए जाने की बात ग्रामीणों से मिली बाकी पैसा का कमिटी के दो चार दस मिलकर गमन करने का आरोप लगाया। संचालन कर रहे लक्ष्मण साव ने कहा की कमिटी का पैसा प्रत्येक घरों में देने को लेकर एनटीपीसी प्रतिबद्ध थी,लेकिन प्रदूषण के नाम पर कमिटी वाले अधिकारीयो ने मिली भगत करके गमन कर दिया गया। वहीं सार्वजनिक रूप से आय व्यय को सार्वजनिक करने के लिए कई बार आमंत्रित किया लेकिन नहीं दी गई। जिसे अब उग्र होकर जनता संपूर्ण कोयला ट्रांसपोटिंग कार्य को बंद करने की घोषणा करती है। नेता रामेश्वर साहू ने कहा कि प्रदूषण के नाम मिलने वाली मद को व्यक्ति विशेष लाभ न लेकर संपूर्ण पंचायत वाशियो को लाभ देने की कमिटी निर्माण के समय की गई थी। लेकिन कमिटी वाले ने कभी भी ईमानदारी का परिचय नहीं दिया बल्कि लोगों को कई वर्ग में बांट कर पैसा को बांटने और लाखों रुपया गमन कर दिया गया।जिसका उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा की। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम साहू ने कहा की किसान बेरोजगार विस्थापित प्रभावित कमेटी का निम्न त्रुटि नहीं बल्कि लगभग 1.5 करोड़ रुपए का गमन का सवाल है कमिटी की उम्र 2 वर्ष की थी।उसका समय सीमा समाप्त हो गई। जनता के सामने उक्त कमेटी लेखा जोखा को सार्वजनिक करने से बचते रहे। जिससे क्षुब्द होकर ग्रामीणों ने बैठक कर कमिटी को निरस्त करने लिए प्रस्ताव लेकर निर्णय ले लिए है। आगामी बैठक 17 मई को नई कमिटी का गठन करने की निर्णय लिया गया। जिसमें पंचायत के सभी वार्ड से पदाधिकारियों को चुनाव कर सशक्त कमिटी बनाई जाएगी। इस मौके पर राजू साव,चरित्र राम, टिकेश्वर साव, नकुल साहू, नारायण यादव, महावीर साहू, भगीरथ साहू, राजेंद्र साव, रविन्द्र साहू, बिनोद राम, प्रकाश ठाकुर, चिंता देवी, कबूतरी देवी, मीना, इतवरिया, झालों देवी, सुनीता, रेखा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष नवयुवक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राधा रागनी बनीं बरही महिला थाना प्रभारी पदभार किया ग्रहण



**बरही:** बरही महिला थाना में नई थाना प्रभारी के रूप में राधा रागिनी ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने महिला सुरक्षा, महिला उत्पीड़न रोकथाम और बाल संरक्षण को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। थाना प्रभारी राधा रागनी ने कहा कि क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और बाल संरक्षण के लिए थाना स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि महिला उत्पीड़न या बाल अपराध की कोई भी घटना सामने आए तो तुरंत थाने को सूचना दें। स्थानीय लोगों ने नई थाना प्रभारी की नियुक्ति पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिला थाना और अधिक सक्रियता से काम करेगा।

### टीपी शाद्वाल कैरम बोर्ड टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ मेयर अरविंद राणा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



**हजारीबाग:** हजारीबाग प्रेस क्लब में रविवार को "टीपी साद्वल कैरम बोर्ड टूनार्मेंट 2026" का भव्य शुभारंभ हजारीबाग नगर निगम के मेयर अरविंद राणा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों, पत्रकारों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति से आयोजन स्थल उत्साह और खेल भावना से सराबोर रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर अरविंद राणा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर मेयर अरविंद राणा ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कैरम जैसे इंडोर खेल मानसिक एकाग्रता और धैर्य को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मेयर ने हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। टूनार्मेंट में निर्धारित सूची के अनुसार मुकाबले खेले गए। पहले चरण के मुकाबलों में कुणाल सिंह बनाम रुपेश कुमार दास, प्रदीप पाठक बनाम शशांक शेखर, रवि सिंह बनाम दीपक सिंह, अर्जुन टुडू बनाम अविरल लाल बिहारी, आशीष यादव बनाम एजाज आलम, मुरारी सिंह बनाम सितेश तिवारी, विवेक सिंह बनाम संजय लाल विश्वकर्मा, फैज अनवर बनाम अनिल राम, कृष्णा गुप्ता बनाम प्रदीप सिन्हा, अपराजिता पांडे बनाम कलाम खान, सागर कुमार बनाम रूपांशु चौधरी, अनुज सिन्हा बनाम सुशांत सोनी एवं रवि शर्मा बनाम सुमन सिन्हा के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने भी तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति ने बताया कि टूनार्मेंट के आगामी चरणों में विजेता खिलाड़ियों के बीच मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

### टिटहीं बारहगांवा चन्द्रवंशी समाज का संगठनात्मक चुनाव संपन्न, सिकंदर बने अध्यक्ष



**चौपारण :** अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रीय महासभा शाखा जिला हजारीबाग एवं चतरा के अंतर्गत गठित टिटहीं बारहगांवा चन्द्रवंशी समाज का संगठनात्मक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर संगठन की मजबूती और एकजुटता का परिचय दिया। यह संगठन चौपारण प्रखंड के टिटहीं, सिंघरावां, पिपरा, चपरीखुर्द, गोविंदपुर, गंगाअहार, जगदीशपुर, नावाडीह, केंदुआ, नरैना, सेलहारा सहित कई गांवों को मिलाकर गठित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चन्द्रवंशी ने की। बैठक में सेंट्रल कमेटी की ओर से संगठन मंत्री अशोक चन्द्रवंशी, भुवनेश्वर चन्द्रवंशी, राजेश चन्द्रवंशी एवं चुनाव प्रभारी राजेंद्र राम चन्द्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें युवा समाजसेवी सिकंदर चन्द्रवंशी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी में शंभू चन्द्रवंशी को सचिव एवं रामविलास प्रसाद चन्द्रवंशी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा कृष्ण चन्द्रवंशी को उपसचिव, रंजीत चन्द्रवंशी एवं सुभाष चन्द्रवंशी को उपाध्यक्ष, प्रीतम चन्द्रवंशी को संगठन मंत्री, बीरेन्द्र चन्द्रवंशी को उप संगठन मंत्री, महेंद्र चन्द्रवंशी को संयोजक, दिनेश चन्द्रवंशी को सह संयोजक, रमेश चन्द्रवंशी को सह कोषाध्यक्ष तथा रंजन चन्द्रवंशी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभा के दौरान समाज के उत्थान, शिक्षा के विस्तार, युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा संगठन को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### गोरहर में दो सड़क दुर्घटनाएं, दो लोगों की मौत, तीन घायल

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में रविवार को कुछ ही घंटों के भीतर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार हुई इन दुर्घटनाओं के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। पहली दुर्घटना रविवार सुबह गोरहर थाना क्षेत्र में हुई। सब्जियों से लदा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गोरहर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। वाहन में चालक का शव बुरी तरह फंसा हुआ था, जिसे बाहर निकालने के लिए पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लंबे प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया।

पहली घटना के कुछ ही समय बाद सुबह करीब 10 बजे गोरहर गांव के समीप एक और सड़क हादसा हो गया। यहां एक के बाद एक चार वाहन आपस में टकरा गए।

# पीवीयूएनएल में कॉपर चोरी का खुलासा, पतरातू पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पतरातू पुलिस ने पीवीयूएनएल परिसर में हुई कॉपर वायर चोरी मामले का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी गिरोहों के खिलाफ बड़ा संदेश गया है। पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता ने बताया कि 5 फरवरी 2026 को पीवीयूएनएल प्लांट परिसर से कॉपर वायर चोरी होने की घटना सामने आई थी। मामले में पतरातू थाना कांड संख्या 33/26 दर्ज किया गया था। इस कांड में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ई), 317(2), 317(4), 329(3), 61(2)(बी) एवं 112(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान हफुआ निवासी सद्दाम अंसारी (30 वर्ष), सोलिया निवासी अरमान अंसारी उर्फ लाला उर्फ सैफ (22 वर्ष) और कटिया निवासी रंजन कुमार (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी पतरातू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने कॉपर वायर चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया कॉपर वायर भी बरामद कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में रामगढ़ जेल भेज दिया। थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में चोरी और आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की सक्रियता से अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## हत्याकांड का खुलासा : बेटे की मौत का बदला लेने के लिए की गयी थी हत्या



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** तिलैया थाना में वादिनी बुधनी देवी पति स्व0 झरी सिंह ग्राम अम्बाकोला थाना तिलैया जिला कोडरमा द्वारा लिखित रूप में सूचित किया गया कि उनके पति झरी सिंह की पत्थर से सर कूचकर हत्या कर अम्बाकोला जंगल में फेंक दिया गया है। जिसमें उन्होंने महेन्द्र यादव पिता स्व0 बोधी यादव ग्राम ढाब छतनी थाना रजौली जिला नवादा पर संदेह होने का आरोप लगायी। वादिनी के उक्त आवेदन के आधार पर तिलैया थाना कांड सं0 141/26, दि0 04.05.2026 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए कांड का गहराई से अनुसंधान करते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु कुमार शिवाशीष, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा द्वारा पु0नि0-सह-था0प्र0, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कांड का अनुसंधान करते हुए मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण प्रारंभ किया गया। इस क्रम में विश्वसनीय गुप्तचरों की भी सहायता ली गयी। अनुसंधान के क्रम में मृतक के गॉव के ही एक व्यक्ति छोटू सिंह पिता स्व0 बासुदेव सिंह को कब्जे में लेकर पुलिस टीम द्वारा गहराई से पूछताछ की गयी तो उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बतलाया कि कुछ वर्षों पूर्व उसके पूत्र को मारपीट कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें संबंध में उसे बाद में पता चला था कि उसके ग्रामीण झरी सिंह उसके पूत्र को मारपीट कर हत्या किया था तथा बाद में झरी सिंह उसे धमकी देता था कि जिस तरह उसके पूत्र की हत्या किया है, उसी तरह उसे भी मार देगा। झरी सिंह की धमकी से वह आजिज आ गया था। इसी दौरान दिनांक 02.05.2026 को गॉव के दूसरे टोला के मुन्ना महतो के घर पर शादी के उपलक्ष्य में खाना खाने के लिए गये थे, जहॉ झरी सिंह भी गया था। खाना खाने के बाद अपना घर आने के क्रम में रास्ते में झरी सिंह मिला जो भी मुन्ना महतो के यहॉ खाना खाने के बाद अपना घर जा रहा था। रास्ते में फिर झरी सिंह इन्हें गाली गलौज करते हुए धमकी दिया कि जैसे तुम्हारा बेटा को मारे हैं, तुम्हें भी मार देंगें, जिसके बाद उसी पत्थर से कई प्रहार उसके सर पर किये, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

## विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** रविवार को विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक जिला कार्याध्यक्ष ओमप्रकाश राय जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:30 बजे किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा गांव-गांव तक संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज में जागरूकता बढ़ाने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में प्रान्त विशेष प्रमुख अरविंद सिंह एवं प्रान्त सामाजिक समरसता सह प्रमुख मनोज चंद्रवंशी ने संगठन की नीतियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एवं विभाग मंत्री सह जिला पालक अनूप यादव के द्वारा विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल एवं मातृ शक्ति के आगामी प्रशिक्षण वर्ग में जिले से अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने के लिए अपील किया। कार्यक्रम में जिला धर्म प्रचार प्रमुख विनय कुमार सिन्हा, जिला मंत्री प्रदीप कुमार सिंह,मनोज राणा, लाल बहादुर चौधरी, कृष्णा राणा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की मजबूती एवं हिंदू समाज के उत्थान के संकल्प के साथ किया गया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 'एडोलसेंट एजुकेशन' पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**झुमरी तिलैया :** स्मडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया के प्रांगण में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित 'एडोलसेंट एजुकेशन' (किशोरावस्था शिक्षा) पर आधारित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 9 और 10 मई 2026 को आयोजित इस गहन प्रशिक्षण सत्र में कोडरमा जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 60 शिक्षकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यशाला में मुख्य विषय विशेषज्ञ (रिसोर्स पर्सन) के रूप में शमशेर आलम और प्रमोद कुमार उपस्थित थे। उन्होंने आधुनिक परिवेश में किशोरों के बदलते व्यवहार और उनकी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। सत्र की शुरूआत करते हुए शमशेर आलम ने कहा, किशोरावस्था जीवन का वह मोड़ है जहाँ बच्चे शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के बीच द्वंद्व में होते हैं। यह एक अत्यंत भ्रमित करने वाला आयु वर्ग है। यदि इस समय शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा उन्हें सही दिशा नहीं दी गई, तो वे गलत रास्तों पर भटक सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षकों को एक 'मेंटर' की भूमिका निभाते हुए बच्चों की असीमित ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में चैनलाइज करने की आवश्यकता है। वहीं, प्रमोद कुमार ने किशोरों के स्वास्थ्यगत पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति लापरवाही बच्चों को कई गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती है।

## जनता दरबार में उमड़ी भीड़, धनंजय पुटूस ने सुनी लोगों की समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस द्वारा आरबीएसएस कार्यालय में आयोजित 38वें जनता दरबार में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग पहुंचे और अपनी दैनिक समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन, पेयजल, बिजली और सफाई से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कई लोगों ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी और लंबित योजनाओं को लेकर अपनी बातें रखीं। धनंजय कुमार पुटूस ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए वे लगातार सक्रिय रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों और वार्डों से पहुंचे लोगों ने स्थानीय विकास, सड़क, नाली और जनसुविधाओं से जुड़े कई सुझाव भी दिए। लोगों ने क्षेत्र में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित करने की सराहना की और इसे आम जनता के लिए उपयोगी पहल बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरबीएसएस के अजय कुमार, अमर बोदरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनता दरबार में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद किया।

# अपराध नियंत्रण को लेकर रामगढ़ पुलिस अलर्ट, सभी थाना क्षेत्रों में हुई चौकीदारी परेड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराध नियंत्रण को लेकर रामगढ़ पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी थाना और ओपी क्षेत्रों में चौकीदारी परेड आयोजित की गई। इस दौरान थाना और ओपी प्रभारियों ने चौकीदारों को सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और सूचना संकलन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश दिए। चौकीदारी परेड के दौरान सभी चौकीदारों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने को कहा गया। थाना प्रभारियों ने निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गांव और मोहल्लों से मिलने वाली सूचनाएं अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाती हैं। परेड के दौरान चौकीदारों को आसूचना संकलन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि छोटी-छोटी सूचनाएं भी कई बार बड़ी घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होती हैं। इसके लिए चौकीदारों को स्थानीय लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने का निर्देश दिया गया। रामगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित इस चौकीदारी परेड का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चौकीदार पुलिस और आम जनता के बीच अहम कड़ी होते हैं, इसलिए उनकी सक्रियता कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## एक नजर

### संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** गोला स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को मदर्स डे उत्साह, उमंग और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। इस खास अवसर पर प्ले ग्रुप, नर्सरी और एलकेजी के बच्चों की माताओं को विद्यालय में आमंत्रित किया गया, जहां तिलक लगाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर प्रेम, सम्मान और आत्मीयता के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में माताओं के लिए बच्चों के साथ रैंप वॉक, डांस और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में माताओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन आकांक्षा कुमारी ने प्रभावी ढंग से किया, जिससे कार्यक्रम और आकर्षक बन गया। विद्यालय की प्राचार्या निशा रानी ने कहा कि मदर्स डे केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मां के त्याग, प्रेम और समर्पण को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मां के महत्व और उनके प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। विद्यालय के निदेशक रितेश केशरी ने कहा कि मां बच्चों की पहली शिक्षक होती हैं और उनके व्यक्तित्व निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों के बीच आत्मीय संबंधों को और मजबूत बनाते हैं।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई शिव महापुराण कथा

**रामगढ़ :** रीवर साइड स्थित शास्त्री पार्क दुर्गा मंडप परिसर में रविवार से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश जलयात्रा के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कलश यात्रा दुर्गा मंडप परिसर से निकलकर दामोदर नदी तट पहुंची, जहां आचार्य कुंज बिहारी शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं से कलश में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद भक्तजन जल कलश लेकर पुनः दुर्गा मंडप पहुंचे, जहां विधिवत स्थापना की गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि शिव महापुराण कथा प्रतिदिन 10 मई से 16 मई तक शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा का उद्घाटन बरका सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

### रोजगार, पुनर्वास और प्रदूषण को लेकर भुरकुंडा में बढ़ी चिंता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा परियोजना क्षेत्र में शुरू की गई माइनिंग को लेकर स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि बिना पूर्व जानकारी और चर्चा के माइनिंग कार्य शुरू कर दिया गया, जबकि इससे क्षेत्र के लोगों की रोजी-रोटी, पुनर्वास, प्रदूषण और सुरक्षा जैसे कई गंभीर मुद्दे जुड़े हुए हैं। मामले को लेकर सोमवार सुबह 11 बजे भुरकुंडा पंचायत भवन में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान और जवाहरनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी ने सीसीएल प्रबंधन के रवैये पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि माइनिंग शुरू करने से पहले पंचायत प्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया गया और न ही भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की गई। प्रदीप मांझी ने कहा कि माइनिंग के कारण स्थानीय लोगों की आजीविका, ब्लास्टिंग से होने वाले दुष्प्रभाव और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेधावी छात्रों के सम्मान को लेकर धोबी महासंघ की बैठक संपन्न



**कोडरमा :** अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रखंड कमेटी कोडरमा की बैठक सामुदायिक भवन लोचनपुर में प्रखंड अध्यक्ष पवन रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखंड सचिव दिनेश कुमार ने किया। बैठक में आगामी 5 जुलाई 2026 को जयनगर प्रखंड में आयोजित होने वाले ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रखंड सचिव दिनेश कुमार ने समारोह की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय धोबी महासंघ द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड बोर्ड में 70 प्रतिशत तथा सीबीएसई बोर्ड में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला सचिव प्रकाश रजक ने समाज को संगठित करने पर बल देते हुए कहा कि कोडरमा प्रखंड के प्रत्येक गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज में शिक्षा और एकता को बढ़ावा मिल सके। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन रजक, मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य चुरामन रजक, सोनू रजक, रुपेश रजक, राजेश रजक, अशोक धोबी, सुनील रजक, मोतीलाल रजक, विकास रजक सहित कई लोग उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन रजक ने किया।

### जयनगर प्रखंड कार्यालय के कर्मी कमल किशोर का निधन, शोक की लहर



**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक-सह-सहायक चार्ज पदाधिकारी, जनगणना कोषांग के 57 वर्षीय कर्मी बिहार राज्य के खास पटना निवासी कमल किशोर का शुक्रवार रात करीब 9 :30 बजे पटना स्थित पारस हॉस्पिटल में निधन हो गया। बताया गया कि हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हुआ। उनके निधन की खबर मिलते ही प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मियों एवं अधिकारियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दुखद घटना पर प्रमुख अंजू देवी, बीडीओ गौतम कुमार, सीओ सारांश जैन, अशोक कुमार, सनोज कुमार, विवेक कुमार, संतोष कुमार, गिरधारी प्रसाद सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

### भारत विकास परिषद का उद्देश्य निस्वार्थ राष्ट्र सेवा : डॉ नीरा यादव



**झुमरीतिलैया :** भारत विकास परिषद झूमरीतिलैया कोडरमा की एक बैठक विवेक विला के बैंक्विट हाल में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन के उपरांत वंदे मातरम गीत गाकर कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित थी। इस अवसर पर बोलते हुए कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र उत्थान में योगदान देना है। वहीं उन्होंने को पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि ये सभी काफी ऊर्जावान है। इनके कार्यकाल में परिषद काफी ऊंचाइयों को छुआ है और आगे और अधिक ऊंचाइयों को छूएगा। वहीं भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश राणा ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि परिषद का विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया जबकि संचालन सचिव विमल पच्चीसिया ने किया। कार्यकारिणी मौके पर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। संरक्षक- मधुसूदन दारूका, सुरेश जैन, नारायण सिंह, कुंज बिहारी त्रिवेदी, अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा उपाध्यक्ष- कैलाश चौधरी, राधेश्याम शुक्ला, सचिव- विमल कुमार पच्चीसिया, सहसचिव- विकास सेठ, संस्कार प्रमुख- डीएसपी एम आर भार्गव, संपर्क प्रमुख -धर्मेंद्र सिंह, सेवा प्रमुख- गोपाल कुमार गुतुल, पर्यावरण संरक्षण प्रमुख- वीरेंद्र कुमार यादव, महिला सहभागीता प्रमुख- प्रीति गुप्ता, संगठन सचिव- असीम कुमार तिवारी बनाए गए। इससे पूर्व कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने पुजा - अर्चना कर एवं फीता काटकर भारत विकास परिषद के कार्यालय का उद्घाटन किया।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 16-17 मई को होगा तृतीय जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**झुमरी तिलैया :** तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 16 एवं 17 मई को मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के 13 टीम के लगभग 200 बालक - बालिका, महिला -पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेगे इस प्रतियोगिता के विजय खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में कोडरमा जिला की टीम से खेलने का अवसर मिलेगा। सीनियर राज्य प्रतियोगिता जून माह में जामताड़ा एवं सब जूनियर एवं जूनियर प्रतियोगिता लातेहार जिले में आयोजित होगी कोडरमा जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ ने जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली है प्रतियोगिता आयोजन को लेकर जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ के कार्यालय में रविवार को एक बैठक आयोजित कर सभी टेक्निकल ऑफिशियल एवं वॉलेंटियर को कोडरमा जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ के अध्यक्ष आकाश कुमार सेठ ने जिम्मेवारी सौंपी और साथ ही कई आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि पूरी प्रतियोगिता के दौरान सीसी टीवी कैमरे से कड़ी निगरानी रखी जाएगी खिलाड़ियों के सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए गए। इस प्रतियोगिता में भोजन की व्यवस्था कोडरमा जिला में एक मात्र मान्यता प्राप्त योग संस्थान आकाश योग केंद्र के द्वारा खिलाड़ियों एवं सभी टेक्निकल ऑफिशियल एवं वॉलेंटियर के लिए की जाएगी। इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल 10 इवेंट कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला संघ के अध्यक्ष आकाश कुमार सेठ कोषाध्यक्ष एवं इस प्रतियोगिता की आयोजन सचिव ईशा कुमारी, योग शिक्षक नेहा कुटरियार, मनोज कुमार यादव, सतीश सिन्हा,नीलम कुमारी, सेवता प्रियदर्शिनी, मानसी कुमारी, पल्लवी कुमारी, राखी कुमारी, कुमारी रितिका, खुशी कुमारी, बिरजू शर्मा, सुशांत कुमार, लक्ष्मी देवी उपस्थित थे।

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन पर हादसा, मालगाड़ी के आगे कूदा युवक, मौत

**डाल्टनगंज :** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर आज रविवार को एक युवक अचानक मालगाड़ी के आगे कूद गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी जवान मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल एमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना उस समय हुई, जब यात्री प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक अचानक ट्रेन के नीचे कूद गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी सतीश पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा गया।

### देवघर जेएपी-5 परिसर में सोलर प्लांट का उद्घाटन

**देवघर :** झारखंड सशस्त्र पुलिस परिसर में रविवार को कमांडेंट आईपीएस अंजनी अंजन ने सोलर प्लांट का शुभ उद्घाटन किया। इस अवसर पर कमांडेंट अंजनी अंजन ने कहा कि सोलर ऊर्जा आज के समय की आवश्यकता है। यह पहल न केवल JAP-5 परिसर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक प्रेरणादायक कदम है, जिससे ऊर्जा बचत और हरित विकास को बढ़ावा मिलेगा। सोलर प्लांट शुरू होने से परिसर में बिजली की खपत में कमी आएगी और सरकारी संसाधनों की भी बचत होगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने इस पहल को आधुनिक एवं पर्यावरण हितैषी सोच का प्रतीक बताया।

### रेल जीएम से मिलेगा रेल यात्री संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल

**पूर्वी सिंहभूम :** ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर आंदोलनरत रेल यात्री संघर्ष समिति ने तय किया है कि अब सीधे रेल महाप्रबंधक से मिल कर समस्या का समाधान खोजा जाएगा। इसके लिए समिति का एक प्रतिनिधिमंडल कोलकाता जाएगा। यह निर्णय रविवार को समिति के संयोजक शिव शंकर के न्यू केबुल टाउन स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय मौजूद थे। बैठक में 17, 18, 19 और 24 मई को आयोजित हस्ताक्षर अभियान सह प्रदर्शन के मद्देनजर अलग-अलग संयोजक समितियां बनाई गईं, ताकि आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें। 17 को साकची में, 18 को बमार्माइंस में, 19 को मानगो में और 24 को घाटशिला में होने वाले हस्ताक्षर अभियान सह प्रदर्शन को सुचारू रुप से चलाने के लिए ही ये संयोजक समितियां बनाई गई हैं।

## शपथ पत्र

मैं, केएम प्रतिभा, उम्र लगभग 32 वर्ष, पिता- सरजू विश्वकर्मा, निवासी ग्राम- दुमरसोता, डाकघर- कंडी, थाना- कंडी, जिला- गढ़वा, राज्य- झारखंड, पिन कोड- 822120, शपथ पत्र संख्या- 932 दिनांक- 27-04-2026 को यह शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि :

1. मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूं।
2. मेरा वास्तविक एवं सही नाम केएम प्रतिभा है, जो मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित है।
3. मेरे आधार कार्ड, आधार संख्या - 726946476302 में मेरा नाम गलतीवश कुमारी प्रतिभा अंकित हो गया है।
4. कुमारी प्रतिभा एवं केएम प्रतिभा दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही हैं।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने नाम के प्रमाण एवं पुष्टि हेतु प्रस्तुत कर रही हूं।

# डिमना लेक के पास रिसॉर्ट में देह व्यापार का खुलासा, पुलिस हिरासत में तीन जोड़े

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना लेक से सटे बोंटा पंचायत के गेरूआ गांव स्थित एक रिसॉर्ट में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने चल रहे देह व्यापार के विरोध में जमकर हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रिसॉर्ट परिसर में घुसकर कई कमरों की तलाशी ली और आपत्तिजनक स्थिति में मौजूद तीन जोड़ों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं एक अन्य जोड़ा मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।



घटना रविवार सुबह की है। ग्रामीणों का आरोप है कि डिमना लेक के समीप स्थित लेक व्यू रिसॉर्ट में पिछले करीब छह महीनों से अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाहरी क्षेत्रों से युवक-युवतियां यहां पहुंचते थे और रिसॉर्ट की आड़ में गलत कार्य किए जाते थे। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी।
ग्रामीण आज सामूहिक रूप से रिसॉर्ट पहुंचे और कमरों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान तीन अलग-अलग कमरों से तीन जोड़ों को पकड़ा गया, जबकि एक अन्य भवन में मौजूद एक जोड़ा पीछे के रास्ते से भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने रिसॉर्ट के मैनेजर संतोष गिरी को भी पकड़ लिया और उस पर आक्रोश जताया। इस दौरान कुछ लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी। बाद में सूचना मिलने पर बोड़ाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मैनेजर को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर अपने साथ लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों जोड़ों को हिरासत में लेकर थाना ले जाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण रिसॉर्ट मालिक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक रिसॉर्ट मालिक मौके पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक वे किसी को जाने नहीं देंगे। साथ ही ग्रामीणों ने रिसॉर्ट को स्थायी रूप से बंद कराने की मांग भी उठाई। पूछताछ के दौरान मैनेजर संतोष गिरी ने बताया कि रिसॉर्ट धनबाद निवासी विनोद सिंह का है। उसने यह भी कहा कि एक ही चहारदीवारी के भीतर एक ओर पतंजलि चिकित्सा केंद्र संचालित होता है, जबकि दूसरी ओर रिसॉर्ट चलता है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिसॉर्ट में शहर के विभिन्न इलाकों से लोग पहुंचते थे और यहां लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। पुलिस द्वारा कमरों की तलाशी लेने पर कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने बरामद सामान को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण रिसॉर्ट के बाहर जुटे रहे।

# गढ़वा के प्रसिद्ध चेड़ी धाम मंदिर में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत अरंगी पंचायत स्थित माहेताम गांव के प्रसिद्ध चेड़ी धाम मंदिर में शनिवार देर रात चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने मंदिर के आधा दर्जन ताले तोड़कर दान पेटी में रखी नगदी और सोने-चांदी के लाखों रुपये मूल्य के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। यह मंदिर गांव से बाहर सुनसान इलाके में स्थित है, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए सोने के मंगलसूत्र, बिंदी, कान की बाली, नथिया समेत कई कीमती आभूषण रखे गए थे। चोरी की



जानकारी रविवार सुबह उस समय हुई, जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। वहां मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला और मंदिर परिसर में सामान बिखरे पड़े थे। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल मेराल थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी में लगभग आठ लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है। घटना के बाद मंदिर समिति और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। उल्लेखनीय है कि चेड़ी धाम मंदिर आसपास के क्षेत्रों में आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर पूजा-अर्चना करने आते हैं और सोने-चांदी के आभूषण समेत नकद चढ़ावा अर्पित करते हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत, छोटा भाई झुलसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** जिले के भरनो प्रखंड के सुकुरहुटू गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से झुलस गया। मृतक बच्चे की पहचान सुकुरहुटू गांव निवासी फुलेंद्र महतो के पुत्र अमन महतो (12) के रूप में हुई है।वहीं उसका छोटा भाई अमित महतो (10) इस घटना में घायल हो गया।
मिली जानकारी के अनुसार दोनों भाई घर के बगल स्थित खेल मैदान में बकरी चराने गए थे। शाम को बारिश शुरू होने पर दोनों भाई बकरी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से दोनों भाई इसके चपेट में आ गये। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तथा दोनों बच्चों को तत्काल वहां से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छोटे भाई अमित महतो को खतरे से बाहर बताते हुए छुट्टी दे दी। वहीं बड़े भाई अमन महतो की स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। परिजन उसे इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ गई। रांची पहुंचने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अमन महतो गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुकुरहुटू में सातवीं कक्षा का छात्र था। वहीं उसका छोटा भाई अमित महतो इसी विद्यालय में पांचवीं कक्षा में पढ़ाई करता है।

# जयमाला से पहले दुल्हन फरार, छोटी बहन से हुई शादी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला गांव में शुक्रवार रात एक शादी समारोह उस समय अचानक चर्चा का विषय बन गया, जब जयमाला से ठीक पहले दुल्हन रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और गढ़वा जिले के रमना से आई बारात में तनाव का माहौल बन गया। बताया जाता है कि सीताराम भुईयां की बेटी की शादी तय थी और सभी रस्मों की तैयारी पूरी हो चुकी थी। इसी बीच दुल्हन के अचानक गायब होने की खबर फैलते ही वर पक्ष नाराज हो गया और बिना शादी किए वापस लौटने की बात कहने लगा। हालात बिगड़ते देख दोनों पक्षों के परिजनों और ग्रामीणों ने आपसी सहमति से बड़ा फैसला लिया। बाद में दूल्हे की शादी दुल्हन की छोटी बहन से करा दी गई। शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद दूल्हा नई दुल्हन को अपने साथ विदा कराकर ले गया। इधर, युवती के गायब होने के बाद परिजनों ने शक के आधार पर चपरी निवासी एक युवक को पकड़कर बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर बरवाडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को मुक्त कराया। सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल के नेतृत्व में पुलिस ने बेतला और आसपास के जंगल क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। पुलिस दबाव बढ़ने के बाद शनिवार को युवती को बरामद कर लिया गया।

# ब्राउन शुगर के बड़े नेटवर्क का खुलासा, पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पुलिस ने शहर में सक्रिय ब्राउन शुगर के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से कुल 175 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसका कुल वजन 26.84 ग्राम और अनुमानित बाजार मूल्य करीब 3.50 लाख रुपये बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपितों में बमार्माइन्स, गोविंदपुर और मानगो क्षेत्र के कथित सप्लायर और पेडलर शामिल हैं। कार्रवाई को जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि उन्होंने बताया कि ०9 मई



की शाम में गुप्त सूचना मिली थी कि बमार्माइन्स थाना क्षेत्र के गांधी नगर बस्ती निवासी संतोष सिंह कपाली इलाके से बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर लेकर आया है और अपने घर से उसका कारोबार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ त्रिवेदी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांधी नगर बस्ती स्थित संतोष सिंह के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को वहां से 124 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई। मौके से संतोष सिंह और उसकी दूसरी पत्नी आयशा खातून उर्फ बिल्लो को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान पुलिस को नशे के सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिली।

# महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर खोला मोर्चा, थाना पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत मानपुर गांव में अवैध शराब और हड़िया की बिक्री के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं ग्राम प्रधान गोपाल चंद्र मुर्मू के नेतृत्व में पोटका थाना पहुंचीं और गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से शराब और हड़िया बेचने वालों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। थाना पहुंची महिलाओं ने बताया कि गांव में लंबे समय से खुलेआम शराब और हड़िया की बिक्री हो रही है। इसके कारण गांव का सामाजिक और पारिवारिक वातावरण



लगातार बिगड़ता जा रहा है। महिलाओं का कहना था कि शराब के नशे में कई पुरुष घर लौटकर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं, जिससे परिवारों में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि कुछ दिनों पहले गांव में शराबबंदी को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई थी। इस दौरान महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया था और अवैध बिक्री बंद करने की अपील की थी। बावजूद इसके शराब बेचने वालों पर कोई असर नहीं पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि शराब कारोबार से जुड़े लोग अब खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि जो करना है कर लो, शराब और हड़िया की बिक्री बंद नहीं होगी। ग्राम प्रधान गोपाल चंद्र मुर्मू ने कहा कि गांव की महिलाएं अब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संगठित होकर आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अवैध शराब कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो गांव का माहौल और अधिक खराब हो सकता है। वहीं सुहागी मुर्मू और पद्मावती भकत ने कहा कि शराब की वजह से कई परिवार आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घरेलू विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि गांव में नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए, अवैध शराब कारोबारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और गांव में स्थायी रूप से शराबबंदी सुनिश्चित की जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक में लदा 50 बोरा डोडा जब्त, चालक और खलासी फरार



**खूंटी :** खूंटी-गुमला जिले के सीमावर्ती क्षेत्र भालूटोली के पास रनिया पुलिस ने रविवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा से लदे एक ट्रक को जब्त किया। पुलिस ने ट्रक से 50 बोरा डोडा बरामद किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक, खलासी और डोडा खरीददार मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब चार बजे खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि भालूटोली क्षेत्र में अवैध डोडा की बड़ी खेप पहुंचाई गई है। सूचना मिलते ही तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने जब इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की तो संदिग्ध लोग पुलिस को देखकर भाग निकले। जांच के दौरान सड़क किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक ट्रक भी जब्त किया, जिसमें भी डोडा लदा हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डोडा की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां भेजा जाना था, इसकी जांच की जा रही है। ट्रक के नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार चालक, खलासी और अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### टाटा स्टील की 'सीआईएसएमए' परियोजना से ग्रीन स्टील उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा




**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील नीदरलैंड-यूरोप की महत्वाकांक्षी शोध परियोजना 'सीआईएसएमए' में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य पूरी तरह स्क्रैप आधारित और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) तकनीक के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले स्टील का उत्पादन विकसित करना है, ताकि स्टील उद्योग को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। यह पहल यूरोप में सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। परियोजना के तहत ऐसे आधुनिक तकनीकी समाधान विकसित किए जा रहे हैं, जिनसे स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन को बड़े स्तर पर कम किया जा सके। परियोजना से जुड़े शोधकर्ता डॉ. राधाकांत राणा ने रविवार को बताया कि इस संयुक्त शोध प्रयास से प्राप्त तकनीकी ज्ञान और अनुभव भविष्य में ग्रीन स्टील उत्पादन को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील पहले से ही उच्च गुणवत्ता वाले स्टील निर्माण में स्क्रैप के उपयोग को लगातार बढ़ावा दे रही है और सीआईएसएमए परियोजना इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। डॉ. राधाकांत राणा ने बताया कि इस शोध का मुख्य उद्देश्य 100 प्रतिशत स्क्रैप और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस तकनीक के माध्यम से शीट स्टील उत्पादन करना है। इससे पारंपरिक स्टील उत्पादन प्रक्रिया की तुलना में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 70 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की परियोजनाएं वैश्विक स्तर पर स्टील उद्योग को हरित और टिकाऊ बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। साथ ही इससे ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

### पलामू में पूर्व नक्सली कमांडर की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**पलामू :** जिले के पांडू थाना क्षेत्र में पूर्व नक्सली कमांडर जगनारायण यादव उर्फ विशाल यादव की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को पांडू थाना क्षेत्र के बेलहारा इलाके से एक अज्ञात शव बरामद किया गया था। शुरूआती जांच में शव की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में सोशल मीडिया पर तस्वीर और वीडियो वायरल होने के बाद मृतक की पहचान जगनारायण यादव उर्फ विशाल यादव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि विशाल यादव पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के गुरदी गांव का रहने वाला था। वह अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए पांडू क्षेत्र आया हुआ था। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई।
पुलिस के मुताबिक मृतक के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की गई है। पांडू थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय ने बताया कि शव की पहचान पूर्व नक्सली जगनारायण यादव उर्फ विशाल यादव के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि मृतक का नक्सल गतिविधियों से जुड़ा पुराना इतिहास रहा है। पुलिस परिजनों के बयान और आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों और इसमें शामिल लोगों का पता लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

### गुमला और खूंटी जिला की सीमा के इलाके से 2 करोड़ का डोडा जब्त

**गुमला :** रांची-सिमडेगा सड़क मार्ग स्थित गुमला और खूंटी जिला के सीमावर्ती इलाके से रविवार को तड़के सुबह रनिया थाना की पुलिस ने भालू टोली गांव के पास भारी मात्रा मे अवैध डोडा लदा ट्रक को जब्त किया। पुलिस के अनुसार 1388 किलोग्राम डोडा 69 बोरा में था। जिसकी अनुमानित लागत दो करोड़ 8 लाख 20 हजार रुपये बताया जा रहा है। रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार ने डोडा को जब्त किया जो खूंटी जिला पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। बताया जाता है कि पुलिस को देखते ही वाहन का चालक और वाहन में सवार अन्य लोग वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस तकनीकी अनुसंधान के जरिए तस्करों की जानकारी जुटा रही है। ट्रक में नीचे डोडा और ऊपर मवेशी का चारा चोकर लदा हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामले की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाकारी क्रिस्टोफर केरकेटा घटनास्थल पहुंचे। डोडा की तस्करी कहां से कहां तक होने वाली थी, इसकी खुलासा नहीं हो पाई है।

# जीवन की सार्थकता उसकी लंबाई नहीं, मर्यादा में निहित

अमर रहने की महत्वाकांक्षा पुरानी है। पुराणों में हजारों वर्ष जीने वाले पात्रों के उल्लेख हैं। वैदिक ऋषि अमृत्व प्राप्त करने की स्तुतियां करते थे। "असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।" -में अमृत्व की प्यास का उल्लेख है। आधुनिक विश्व में सभी देशों के वैज्ञानिक मनुष्य शरीर की उम्र को रोकने की योजना पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था में शरीर की कोशिकाओं का क्षरण होता है। इसी को रोकने के लिए तमाम शोध कार्य जारी हैं। इस बीच रूस से महत्वाकांक्षी सूचनाएं आ रही हैं। रूस मनुष्य शरीर की कोशिकाओं के क्षरण को रोकने पर शोध कर रहा है। सूचना के अनुसार रूस वृद्धावस्था को रोकने की शोध पर काम कर रहा है। सितंबर 2025 में पुतिन और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मनुष्य शरीर की उम्र 150 साल तक ले जाने की योजना पर शोध की बातें की थीं। पुतिन ने कहा था कि नियमित रूप से कोशिकाओं के क्षरण को रोक कर स्वस्थ बने रहने पर वैज्ञानिक शोध संभव हैं। रूसी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वे वृद्धावस्था रोकने की विश्व की पहली एंटी एजिंग वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था कोशिकाओं के क्षरण का ही परिणाम होता है। रूस के एक मंत्री डेनिस ने पीछे माह बताया है कि यह प्रायोजित उपचार रेज रिसेप्टर पर जोर देगा। वृद्धावस्था की स्वाभाविक प्रक्रिया को नियंत्रित कर कोशिकाओं को लंबे समय तक युवा बनाए रखा जा सकता है। उनका कहना है कि उनका लक्ष्य दुनिया की पहली जीन थेरेपी दवा बनाना है। इस परियोजना को इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग बायोलॉजी एंड मेडिसिन द्वारा विकसित किया जा रहा है। रूस के उप प्रधानमंत्री ने कहा था कि रूस की योजना 2028 से 2030 के बीच एंटी एजिंग दवा का उत्पादन शुरू करने का है। बताया गया है कि तकनीक फिलहाल शोध की प्रक्रिया से गुजर रही है। इसका बजट 26 अरब डालर से भी ज्यादा है। उनका दावा है कि फिलहाल इस पर शोध जारी है। अगर यह सफल होता है तो भविष्य में वृद्धावस्था अनिवार्य प्रक्रिया नहीं रहेगी। यह नियंत्रित की जाने वाली स्थिति बन सकती है। यह एक आश्चर्यजनक शोध की दिशा में मनुष्य जाति का पहला नियोजित अभियान होगा। मनुष्य की आयु 150 वर्ष तक ले जाने की यह महत्वाकांक्षी योजना आश्चर्यजनक है। दीघार्यु रहना-होना सामान्य बात है लेकिन पूरी आयु में स्वस्थ बने रहना वाकई बड़ी उपलब्धि होगी। ऋग्वेद में ह्यजीवेत शरदः शतम्ह्य की प्रार्थनाएं हैं। सौ साल जीने की इच्छा पर्याप्त नहीं है। इसलिए आगे कहते हैं कि हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रहें। दीन-हीन न रहें। बहुत लोग 100 बरस या उससे ज्यादा का जीवन जीते हैं। लेकिन शरीर के क्षरण के कारण कष्ट और दुख में रहते हैं। तो क्या यह शोध मनुष्य के सभी अंगों और सोच विचार के तंत्र को स्वस्थ रखने का महत्वाकांक्षी अभियान बनेगा। इस शोध को लेकर बहुत प्रसन्न होने की आवश्यकता नहीं है। 80-90 वर्ष की आयु वाले वृद्ध परिवार की उपेक्षा के कष्ट भोगते हैं। परिजन बूढ़ों का ध्यान नहीं रखते। इस शोध की सफलता-असफलता पर तमाम विचार हो सकते हैं। यह एक सांस्कृतिक समस्या है। दुनिया के सभी समाजों में अच्छे मानवीय संबंधों का आधार संस्कृति है। यहां जीवन को लंबा करने के प्रयास हैं। लेकिन दर्शन और विज्ञान काल की व्याख्या भी करता है। काल का पहिया घूम रहा है। हम सब काल रथ पर बैठे यात्री हैं। अथर्ववेद में भृगु ऋषि का सारवान वक्तव्य है- 'कालरथ पर ज्ञानी ही बैठते हैं।' मैं कालरथ को देख रहा हूँ। उस रथ का घर्घर नाद भी सुनता हूँ। वह प्रतिपल हमारे सामने से ही गुजरता है। मैं हाथ उठाता हूँ। रुकने की प्रार्थना करता हूँ। वह नहीं रुकता। मेरी परवाह नहीं करता। जानता हूँ कालरथ में ज्ञानी ही बैठते हैं। हमारे लिए उस रथ में जगह नहीं हो सकती। क्या विज्ञान में काल की समस्या का कोई समाधान है? काल निर्वचन कठिन काम है।

# महिला आरक्षण पर राजनीतिक दलों का दोहरा चरित्र

**ललित गर्ग**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि जिस देश में महिलाओं को "शक्ति", "मातृशक्ति" और "आधी दुनिया" कहकर सम्मानित किया जाता है, वहीं राजनीति में उन्हें समान भागीदारी देने के प्रश्न पर लगभग सभी राजनीतिक दलों की नीयत संदिग्ध दिखाई देती है। संसद से लेकर चुनावी मंचों तक महिला आरक्षण के समर्थन में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब उम्मीदवारों को टिकट देने का समय आता है, तब अधिकांश दल महिलाओं को हाशिये पर धकेल देते हैं। हालिया विधानसभा चुनावों ने इस विरोधाभास को एक बार फिर उजागर कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं को दिए गए टिकटों का आंकड़ा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि महिला प्रतिनिधित्व को लेकर दलों की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर संसद में जोरदार राजनीतिक संघर्ष देखने को मिला, लेकिन उन्हीं दलों ने चुनावी मैदान में महिलाओं को पर्याप्त अवसर देने में उत्साह नहीं दिखाया। यह केवल राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता का भी प्रश्न है।

सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव की रही। भारतीय जनता पार्टी ने 294 सीटों में से केवल लगभग 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 291 सीटों पर करीब 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। यह संख्या कुल टिकटों का लगभग दस प्रतिशत ही बैठती है। तमिलनाडु में भी स्थिति बहुत अलग नहीं रही। सत्ता परिवर्तन के दावे करने वाले दलों ने महिलाओं को सीमित अवसर दिए। असम और केरल जैसे राज्यों में भी राजनीतिक दलों ने महिलाओं को प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे नहीं बढ़ने दिया। परिणाम यह हुआ कि कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों में महिलाओं की संख्या अत्यंत कम रही। यह स्थिति तब है, जब देश की लगभग आधी आबादी महिलाएं हैं। दरअसल भारतीय राजनीति लंबे समय से पुरुष प्रधान मानसिकता से संचालित होती रही है। राजनीतिक दल महिलाओं को अक्सर "सुरक्षित" या "कमजोर" उम्मीदवार मानते हैं। उन्हें यह भय रहता है कि महिला प्रत्याशी चुनावी संघर्ष, धनबल, बाहुबल और जातीय समीकरणों के बीच प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी। यही कारण है कि अधिकांश दल महिलाओं को उन्हीं सीटों पर टिकट देते हैं जहां उनकी जीत की संभावना कम होती है या जहां केवल प्रतीकात्मक उपस्थिति दर्ज करानी होती है।

विडंबना यह भी है कि जो राजनीतिक दल संसद में महिला आरक्षण के पक्ष में जोरदार भाषण देते हैं, वे अपने संगठनात्मक ढांचे में भी महिलाओं को निर्णायक स्थान देने से बचते हैं। अधिकांश राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व पर पुरुषों का वर्चस्व है। महिलाओं को प्रायः महिला मोर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम या सामाजिक अभियानों तक सीमित कर दिया जाता है। निर्णय लेने वाली समितियों और रणनीतिक पदों पर उनकी भागीदारी बेहद कम दिखाई देती है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष सत्र बुलाकर राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया था। विपक्ष पर महिलाओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया गया। लेकिन सवाल यह है कि यदि वास्तव में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण को लेकर गंभीर इच्छाशक्ति होती, तो बिना किसी संवैधानिक बाध्यता के भी दल अपने स्तर पर अधिक महिलाओं को टिकट दे सकते थे। आखिर किसने रोका था कि भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक या अन्य दल कम से कम 33 प्रतिशत महिलाओं को उम्मीदवार बनाते? स्पष्ट है कि महिला आरक्षण का मुद्दा कई बार वास्तविक सामाजिक प्रतिबद्धता से अधिक राजनीतिक लाभ का माध्यम बन जाता है।

हालांकि यह भी स्वीकार करना होगा कि राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील और मानवीय बना सकती है। विश्व के अनेक देशों के अनुभव बताते हैं कि जहां महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति बढ़ी है, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल संरक्षण, बाल सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों को अधिक प्राथमिकता मिली है। भारत में पंचायत स्तर पर महिला आरक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अनेक महिला सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने गांवों में शिक्षा, स्वच्छता और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे लोकतंत्र अधिक समावेशी बनता है। महिलाओं की उपस्थिति केवल संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का भी प्रश्न है। महिलाएं समाज के उन अनुभवों और समस्याओं को सामने लाती हैं, जिन्हें पुरुष प्रधान राजनीति अक्सर नजरअंदाज कर देती है। घरेलू हिंसा, मातृत्व स्वास्थ्य, कार्यस्थल सुरक्षा, बालिका शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों को मजबूती तभी मिलती है, जब निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो।

लेकिन दूसरी ओर कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनकी चर्चा आवश्यक है। कई बार राजनीतिक दल केवल औपचारिकता निभाने के लिए महिलाओं को टिकट देते हैं। ऐसे मामलों में वास्तविक सत्ता उनके परिवार के पुरुष सदस्यों के हाथ में रहती है। पंचायतों में "सरपंच पति" जैसी प्रवृत्तियां इसका उदाहरण हैं। राजनीति में वंशवाद और परिवारवाद के कारण भी कई योग्य महिलाएं अवसर से वंचित रह जाती हैं, जबकि राजनीतिक परिवारों से जुड़ी महिलाओं को अपेक्षाकृत आसान प्रवेश मिल जाता है। इसलिए केवल आरक्षण पर्याप्त नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र नेतृत्व क्षमता का विकास भी आवश्यक है। एक अन्य चुनौती चुनावी राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण और अत्यधिक खर्च है। भारतीय राजनीति में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा और संघर्षपूर्ण हो गया है। धनबल और बाहुबल की संस्कृति महिलाओं की भागीदारी को सीमित करती है। सामाजिक रूढ़ियां भी बड़ी बाधा हैं। आज भी अनेक परिवार राजनीति को महिलाओं के लिए "उपयुक्त क्षेत्र" नहीं मानते। देर रात की राजनीतिक गतिविधियां, सार्वजनिक आलोचना और चरित्र हनन की आशंकाएं भी महिलाओं को राजनीति से दूर करती हैं।

सवाल यह भी है कि क्या केवल आरक्षण से समस्या हल हो जाएगी? संभवतः नहीं। आरक्षण एक आवश्यक शुरूआत हो सकता है, लेकिन इसके साथ सामाजिक सोच में परिवर्तन भी जरूरी है। राजनीतिक दलों को अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को निर्णायक भूमिका देनी होगी। उन्हें केवल चुनावी पोस्टर या प्रचार अभियान तक सीमित रखने की प्रवृत्ति बदलनी होगी। राजनीतिक प्रशिक्षण शिविर, आर्थिक सहयोग और सुरक्षित राजनीतिक वातावरण तैयार करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि महिला प्रतिनिधित्व को दया, उपकार या राजनीतिक मजबूरी के रूप में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में देखा जाए। जब तक राजनीतिक दल स्वेच्छा से महिलाओं को पर्याप्त अवसर नहीं देंगे, तब तक लोकतंत्र का संतुलन अधूरा रहेगा। यह भी सच है कि महिलाओं को भी अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग और संगठित होना होगा। राजनीतिक चेतना और नेतृत्व क्षमता के विकास के बिना केवल संवैधानिक प्रावधान अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएंगे।

भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना केवल महिलाओं का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का प्रश्न है। यदि आधी आबादी निर्णय प्रक्रिया से बाहर रहेगी, तो लोकतंत्र भी आधा-अधूरा ही रहेगा। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि महिला सशक्तीकरण केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं आएगा, बल्कि वास्तविक प्रतिनिधित्व और समान अवसरों से आएगा। कथनी और करनी के इस अंतर को समाप्त किए बिना महिला आरक्षण का सपना अधूरा ही रहेगा। निश्चय ही हालिया विधानसभा चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक दलों की महिला हितैषी राजनीति अभी भी बड़े पैमाने पर प्रतीकात्मक है। जब तक महिलाओं को टिकट वितरण, संगठनात्मक नेतृत्व और नीति निर्माण में न्यायसंगत भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक "आधी दुनिया" लोकतंत्र के हाशिये पर ही खड़ी दिखाई देगी।

# जीवन का सुख-चैन छीनता अहंकार

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

भले ही हमने शारीरिक रूप से मानवी देह पाया है, लेकिन क्या हम इंसान है या इंसान कहलाने के पात्र है? आज के दौर में इंसान बनकर जीने वाले दुर्लभ होते जा रहे हैं। आइये पहले हम स्वयं से जानते है कि, इंसान किन्हें कहते हैं। दूसरों की खुशी में खुश होना, दूसरों के दुःख में दर्द महसूस होना, दूसरों भावनाओं को समझना, उसकी कद्र करना। अपने स्वार्थ को दूर रखकर हमेशा दूसरों के भलाई का ख्याल करना। देश और समाज के विकास के लिए तत्पर रहना, यथोचित हर संभव मदद करना, मानव कल्याण का जज्बा बनाये रखना। झूठे दिखावे से बचना, लोगों से ईर्ष्या भाव न करना। प्रकृति, पशु-पक्षियों और जंगल की रक्षा करना। जाती, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, रंगरूप पर आधारित भेदभाव को न मानकर समस्त मानवी समाज को एक स्तर पर मानकर मानवी सेवा विकास को सर्वोपरि मानना। कथनी-करनी में अंतर न करना। नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चरित्रहीन व्यवहार, अन्यों से दुर्व्यवहार, अपराध, भेदभाव से अलिप्त होकर सत्कर्मों को ही हमेशा प्राथमिकता देना। यह सभी इंसानियत की विशेषता है, जो इंसानो में होनी चाहिए। अगर ये सभी विशेषता हम में है, तो हम इंसान है, वर्ना जानवरों को भी लज्जित कर दे, ऐसे घृणात्मक कलंकित करनेवाली दुःखद घटनाएं तो हमारे आसपास रोजाना होती ही है और हम आँखे मूंदकर बुजदिल की जिंदगी काटते हैं।

हमारे आसपास के इस कलह भरे वातावरण में हर कोई झूट का मुखौटा पहनकर खुद को इंसान दिखाने का प्रयत्न कर रहा है और यही वातावरण अहंकार की भेट चढ़कर जीवन का सुकून छीन रहा हैं। आज रिश्ते-नाते, शादियां तोड़ने में अहंकार मुख्य भूमिका में हैं। दुनिया को बताने के लिए कारण कुछ भी बताये लेकिन आज विभिन्न देशों में चल रहे युद्ध का कारण अहंकार भी है, जिससे बड़ी मात्रा में मासूमों की जान जा रही है, पर्यावरण, धन का अपव्यय हो रहा है और पूरी दुनिया पर इसका गंभीर असर हो रहा हैं। अनेक बार रिश्तेदार, आस-पडोसी, परिचित अहंकार के कारण जिंदगी भर बात नहीं करते, उससे जिंदगी में क्या हासिल हो जाता है, पता नहीं। क्या आप जानते है कि, जब भी हम क्रोध, चिढ़, ईर्ष्या, तनाव या बुरे विचारों से भर उठते है, तब उसका सीधा असर हमारे खुद के ही स्वास्थ्य पर गंभीर असर करता है, अर्थात दूसरों पर गुस्सा करना हमारे जान को जोखिम में डालता हैं। आजकल तो नाम के लिए या दिखावे के लिए हम खूब आधुनिक होने का दम भरते है, लेकिन विचारों और संस्कारों से हम लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं। राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बबार्दी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं। मनुष्य का अहंकार उसका सुख-चैन छीन लेता है और सुंदर शांत जीवन का मार्ग दुर्गम बना देता हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है, जैसे मनुष्य खुद ही अपनी मौत के लिए चिता सजा रहा हैं।

हमारे आसपास बहुत से बुरे घटनाओं से अनगिनत लोगों के दुःखद अंत की खबरें हमें झंझोड़ देती है, उदाहरण के लिए आज बहुत से अभिभावक बच्चों को विदेश भेजते है या बड़े शहरों में भेजते है और अहंकार से गर्वित होते है कि उनके बच्चे विदेशों में स्थायिक हो चुके है, परंतु अनेक बार ये ही बूढ़े माँ-बाप मर भी जाते है, फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में उपस्थिति दर्शानी भी मुनासिब नहीं समझते, ये हमारे समाज की कड़वी सच्चाई हैं। दुनिया भर में हजारों ऐसे महान शख्सियत है जो नाम, शोहरत, रुतबा, पैसा होने के बावजूद सरल और सादगी पसंद जीवन यापन करते हैं, अनेक महान लोग दुनिया से चले जाने के बाद उनकी जिंदगीभर की कमाई में केवल कुछ जोड़ी कपड़े और किताबों का संग्रह देखने मिलता है, थोड़ी-बहुत संपत्ति होती भी है तो वे उसे दान कर चुके होते है, जबकि वे चाहते तो करोडो, अरबों रुपयों की संपत्ति बना सकते थे, लेकिन तब वे शायद अपने कर्मों से महान नहीं बन पाते।

अहंकार अक्सर हमारी झूठी आत्म-छवि को बचाने के लिए असलियत को तोड़-मरोड़ देता है, जिससे गलतियाँ मानना या आलोचना स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है, अहंकार अगर हावी हो जाये तो खुद को सही साबित करने में लग जाते है, जिससे टकराव उत्पन्न होता हैं। अहंकार में मनुष्य खुद को महान या सर्वगुण संपन्न समझता है जिससे दूसरों के प्रति हीन भावना उत्पन्न होती हैं। अहंकार हमें दूसरों की राय और भौतिक सफलता की बहुत ज्यादा परवाह करने पर मजबूर करता है, जिससे हमें चिंता और नाखुशी होती है, जीवन में उदासी छाती हैं। इससे लोग अच्छा करने के बजाय अच्छा दिखने को या शॉर्टकट लेने को प्राथमिकता देना पसंद करते हैं। अहंकार ज़िंदगी पर गहरा असर डालता है, बढ़ा हुआ अहंकार कुछ नया सीखने में रुकावट डालता है, हार होने के डर से विकास को रोकता है, और लगातार अन्यों से तुलना करके दुखी महसूस करता है, जबकि हमारे नियंत्रण में अहंकार हो तो अपनी शान बढ़ाने के बजाय हम खुद को बेहतर बनाने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करते है, जिससे समायोजित करने की क्षमता, गहरे रिश्ते और उत्पादकता बढ़ती हैं।

खुद को समझने के लिए अपने कार्य, व्यवहार, स्वभाव और इसका अन्यों पर असर इन सभी बातों का आत्मचिंतन करना बहुत जरुरी है, खुद का विश्लेषण करने के लिए समय निकालें और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ हमारा अहंकार हमारे निर्णयों और बातचीत को प्रभावित कर रहा हो। जीवन में सबसे जरूरी शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार है, और मन को संतोष है तो जीवन सुख से बीतता है, लेकिन लोग इसे प्राथमिकता देने के बजाय अहंकार, झूठा दिखावा और घमंड में सुकून खो बैठते हैं। लोग आज के दौर में, घर के आगे कोई पेड़ हो तो उसे काटकर वहां अतिक्रमण करना चाहते है, ताकि घर का दायरा बढ़ाया जा सकें, लेकिन ऐसी सोच ने पुरे देश में तापमान बढ़ाया है, यह किसी को नजर नहीं आता, हर कोई स्वार्थ के लिए जीते हुए प्रतीत होता हैं। स्वार्थ से अपना ध्यान हटाकर समाधानी सोच अपनायें। विनम्रता और सीखना अपनाएँ, मानें कि हमको सब कुछ नहीं पता। सफलता के लिए नतीजों पर नहीं, कोशिश पर ध्यान दें। "मैं हमेशा ही सही हूँ" वाली सोच छोड़ दें। अपना ध्यान अपनी चिंताओं से हटाकर दूसरों की सेवा करने पर लगाएँ, सत्कर्म करें। रोजाना ध्यान, योग या शांत सोच-विचार के लिए समय निकालें। अच्छे विचारों के लोगों से जुड़े, हेल्दी हॉबी अपनाएं, प्रकृति की रक्षा प्रत्येक की जिम्मेदारी समझें। महान समाजसुधारकों के आदर्श, सोच को जीवन में अपनाएं। अच्छे काम करने का सुकून दुनिया में बेशकीमती है, छोटी सी जिंदगी है इसे तनावमुक्त रहकर हंसते मुस्कुराते हुए बिताएं।

अहंकार एक धीमा जहर है, जो इंसान के गुणों को मार देता हैं।

## सूडोकु नवताल- 7791

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7790 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

# मणिपुर हिंसा : आक्रोश में अवसर तलाशता विपक्ष

**संजय सक्सेना**

भारत के पूर्वोत्तर का एक छोटा सा राज्य मणिपुर पिछले कई सालों से क्षेत्रीय हिंसा की खबरों के कारण पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। एक तरफ मोदी सरकार लगातार दावे कर रही है कि मणिपुर में हालात बेहतर करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं विपक्ष मणिपुर के बिगड़े हालात के लिये मोदी सरकार को कसूरवार ठहराने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता है। विपक्ष इतना शोर करते हुए अन्य कहीं नहीं देखा जाता है, जितना मणिपुर को लेकर मचाया जा रहा है। क्या है इसके पीछे राजनीतिक कारण? क्या यहाँ की हिंसा जातियों में आपसी क्लेश का मामला है? कहा जाता है कि मणिपुर का संघर्ष मुख्य रूप से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच है, यह बात कितनी सच है? मणिपुर की समस्या को कहीं राजनेताओं के आरोप-प्रत्यारोप ने और जटिल तो नहीं बना दिया है। यह तमाम सवाल हैं जिनका उत्तर मिलना बेहद जरूरी है। गौरतलब हो, मणिपुर की हिंसा की जड़ें गहरी हैं। राज्य की अधिकांश आबादी मैतेई समुदाय की है, जो इंफाल घाटी में रहते हैं और राज्य की राजनीति व अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण रखते हैं। दूसरी ओर कुकी और नागा जैसे आदिवासी समुदाय पहाड़ी इलाकों में बसे हैं, जो संसाधनों और प्रतिनिधित्व में भेदभाव का आरोप लगाते हैं। तीन साल पहले मई में उच्च न्यायालय के मैतेई को जनजातीय दर्जा देने के सुझाव से कुकी समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया, जो हिंसा में बदल गया। तब से मणिपुर में हिंसा की आग लगातार सुलग रही है, जिसमें सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं और पचास हजार से अधिक लोग विस्थापित हैं।


हिंसा केवल जातीय कलह तक सीमित नहीं रही। हाल ही में अप्रैल 2026 में बिष्णुपुर और इंफाल में फिर झड़पें भड़कीं, जहां सुरक्षा बलों पर हमले हुए और कर्फ्यू लगाना पड़ा। कुकी उग्रवादियों पर छह लोगों की हत्या का आरोप लगा, जिससे तनाव बढ़ा। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमीन हथियाने और संसाधनों पर कब्जे का इल्जाम लगाया। मैतेई कहते हैं कि कुकी अवैध प्रवासियों को बसाने की साजिश रच रहे हैं, जबकि कुकी विकास में हिस्सेदारी की मांग करते हैं। यह आपसी कलह इतिहास से चली आ रही है, जब मैतेई राजाओं ने कुकी को पहाड़ों में बसाया था, लेकिन अब दोनों के बीच दुश्मनी गहरी हो गई है। उधर, विपक्ष इसी कलह को राजनीतिक हथियार बनाने से जुड़ा है। कांग्रेस और अन्य दल बीजेपी सरकार को हिंसा रोकने में नाकाम बताते हैं। वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री की चुप्पी उदासीनता दिखाती है और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते हैं। राज्यसभा में खरगे ने श्वेत पत्र की मांग की, जबकि राहुल गांधी ने महिलाओं पर अत्याचार का मुद्दा उठाया। विपक्ष का तर्क है कि बीजेपी मैतेई समुदाय को समर्थन देकर कुकी को नजरअंदाज कर रही है, जिससे हिंसा बढ़ी। इसके पीछे राजनीतिक कारण स्पष्ट हैं। मणिपुर में बीजेपी की सरकार है, और विपक्ष इसे कमजोर करके उत्तर-पूर्व में अपनी जमीन मजबूत करना चाहता है। 2023 से संसद के सत्रों में विपक्ष ने मणिपुर को हाईजैक करने की कोशिश की, लेकिन बीजेपी ने पलटवार किया कि वे राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को भड़का रहे हैं। राष्ट्रपति शासन के बावजूद हालात नहीं सुधरे, तो कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी के पास बहुमत होने पर भी इच्छाशक्ति नहीं है। आने वाले चुनावों को देखते हुए विपक्ष बीजेपी को घेरना चाहता है, खासकर जब एनडीए के सहयोगी जैसे जेडीयू ने सरकार को समर्थन दिया।

खैर, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्ष के बीजेपी पर हमलावर रहने का कारण सत्ता की राजनीति है। विपक्ष जानता है कि मणिपुर का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी की छवि खराब कर सकता है। वे मोदी सरकार की पूर्वोत्तर नीति पर सवाल उठाते हैं, जबकि बीजेपी कहती है कि कांग्रेस के समय भी हिंसा होती थी। इसी के कारण मैतेई विधायकों पर जनता का गुस्सा फूटा क्योंकि उन्होंने केंद्र तक बात नहीं पहुंचाई। विपक्ष इसे भुनाकर अल्पसंख्यक कुकी वोटों को अपने पाले में लाना चाहता है। हाल में बीजेपी नेताओं के दौरे को कांग्रेस ने चुनावी ड्रामा बताया। हालांकि हिंसा मूल रूप से जातीय है। मैतेई को जनजातीय लाभ जैसे आरक्षण और जमीन अधिकार चाहिए, जो कुकी को खतरा लगता है। कुकी पहाड़ी क्षेत्रों पर नियंत्रण रखते हैं और डरते हैं कि मैतेई घाटी से ऊपर आ जाएं। दोनों ने हिंसा की, घर जलाए, लेकिन सरकार की विफलता ने इसे लंबा खींचा। यहां 217 मौतें और हजारों लोगों का बेघर होना यह साबित करता है कि यह सामाजिक क्लेश है, न कि सिर्फ राजनीतिक। फिर भी विपक्ष इसे बीजेपी की साजिश बताकर शोर मचाता है।

मणिपुर को लेकर राजनीतिक कारणों पर रोशनी डाली जाये तो ऐसा लगता है कि मणिपुर की हिंसा पर हो-हल्ला करके विपक्ष अपना वोट बैंक मजबूत करना चाहता है। वे कुकी समुदाय को अपना सहारा बताते हैं, जबकि मैतेई बीजेपी समर्थक हैं। इसलिये वह संसद में चर्चा की मांग करके सदन जाम करते हैं, जो बीजेपी को कमजोर दिखाता है। यहां के हालात को देखते हुए केंद्र ने अमित शाह को भेजा, लेकिन विपक्ष संतुष्ट नहीं। 2026 तक हिंसा जारी रहने से विपक्ष को लगातार मुद्दा मिलता रहता है। बीजेपी का कहना है कि विपक्ष परिपक्वता दिखाए, लेकिन वे लाभ उठाते हैं। बात प्रबुद्ध समाज की की जाये तो यह वर्ग कहता है कि मणिपुर हिंसा के समाधान के लिए दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी। मुख्यमंत्री ने माफी मांगी, लेकिन विश्वास बहाली जरूरी है। इसके साथ ही केंद्र को जनजातीय दर्जे पर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। विपक्ष का शोर कम हो और सहयोग बढ़े, अन्यथा यह कलह राज्य को तबाह करता रहेगा।

## दैनिक पंचांग

**11 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | कुंभ में |
| मंगल | मीन में |
| बुध | मेष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | वृष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 7.30 से 9.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 05.39 बजे से |
| मिथुन | 07.37 बजे से |
| कर्क | 09.50 बजे से |
| सिंह | 12.06 बजे से |
| कन्या | 14.18 बजे से |
| तुला | 16.29 बजे से |
| वृश्चिक | 18.44 ब.से |
| धनु | 21.00 बजे से |
| मकर | 23.05 बजे से |
| कुंभ | 00.51 बजे से |
| मीन | 02.24 बजे से |
| मेष | 03.55 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 131 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 15.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 01.29 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 01.04 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 15.25 बजे तदनन्तर वणिज 03.15 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 50' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872706 **जूलियन दिन** 2461171.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | से | तक |
|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | से | तक |
|---|---|---|
| चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मदनशाही एनएच पर टेंपो पलटा, कीचड़ में फंसा डीसी का काफिला

**साहिबगंज** : स्मार्ट सिटी के दावों के बीच मदनशाही के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत ने विकास की पोल खोल दी। शनिवार को यहां गड्ढों में तब्दील सड़क पर एक टेंपो पलट गया, तेल पानी में फैल गया और युवक छत पर खड़ा होकर मदद की गुहार लगाता रहा। दूसरी ओर, उसी कीचड़ में जिले के आला अफसरों का काफिला भी फंस गया। दरअसल शनिवार को डीसी दीपक कुमार दुबे, अपर समाहर्ता गौतम भगत समेत अधिकारी बांस्कोला स्थित आरएनआर कॉलोनी का निरीक्षण करने जा रहे थे। मदनशाही पहुंचते ही काफिले के वाहन गड्ढों में फंस गए। सड़क पर पहले से कई वाहन फंसे थे। अधिकारियों की गाड़ी फंसते ही स्थानीय लोग जुट गए। तंज कसते हुए बोले ₹कैसा लग रहा है सर, गड्ढे वाले पानी में? हम रोज झेलते हैं, जरा इस सड़क पर भी ध्यान दीजिए।₹ स्थानीय लोगों का आरोप है कि नया एनएच पहाड़ के किनारे से निकलने की योजना के कारण पुरानी सड़क की मरम्मत नहीं हो रही। अफसर रोज इसी रास्ते राजमहल-तालझारी जाते हैं, फिर भी अनदेखी जारी है। मदनशाही में करीब 50 मीटर हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त है। हल्की बारिश में तालाब बन जाता है। स्कूली बच्चे, मरीज, बुजुर्ग जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं। सरकार 'गड्ढा मुक्त सड़क' अभियान चलाती है, लेकिन डीसी का काफिला खुद गड्ढे में फंस गया। सवाल उठता है कि क्या जनता की शिकायतें फाइलों में दम तोड़ देती हैं? नया एनएच बनने तक क्या लोग चलना बंद कर दें? दुर्घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा? जनता अब सिर्फ फरियाद नहीं, हिसाब मांग रही है। टेंपो पलटने से गरीब की रोजी डूबती है। देखना है कि साहब का फंसना फाइल हिलाने तक था या गड्ढे भरने तक जाएगा।

### अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम** : मनोहरपुर स्थित जराईकेला थाना क्षेत्र में रविवार को टन-टन रेलवे पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलने की खबर इलाके में तेजी से फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही जराईकेला थाना प्रभारी अमित कुमार पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे पुल के नीचे पड़े शव को सबसे पहले स्थानीय ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति चलती ट्रेन से गिरा हो सकता है, हालांकि पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस जांच के दौरान मृतक के हाथ पर बंगला भाषा में लिखा एक नाम मिला है। इसी सुराग के आधार पर पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि मृतक पश्चिम बंगाल या बंगला भाषी क्षेत्र का निवासी हो सकता है। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों और रेलवे कर्मियों से भी पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास से कुछ सामान भी बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। वहीं शव पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए यह भी जांच की जा रही है कि मामला केवल रेल दुर्घटना का है या इसके पीछे कोई आपराधिक कारण भी हो सकता है। पुलिस रेलवे ट्रैक और पुल के आसपास के क्षेत्र की भी बारीकी से जांच कर रही है। घटना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।


# सातवें दिन भी जारी रहा शेरशाहबादी समाज का महाधरना, प्रेस वार्ता कर प्रशासन पर साधा निशाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : जिले के बरहरवा प्रखंड में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल मुख्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा। सात दिनों से लगातार चल रहे इस आंदोलन में समुदाय के लोगों का उत्साह और भागीदारी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। धरनास्थल पर बड़ी संख्या में छात्र, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद रहे।आंदोलन के सातवें दिन शेरशाहबादी डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने आंदोलन की पृष्ठभूमि,समुदाय की समस्याओं और प्रशासन के रवैये को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुखिया मो. इश्तियाक ने कहा कि शेरशाहबादी समुदाय झारखंड सरकार की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल है, इसके बावजूद वर्षों से समुदाय के लोगों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। इसका सीधा असर छात्रों और युवाओं पर पड़ रहा है,जो शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं। पिछले सात दिनों से समुदाय शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेने के बजाय केवल तकनीकी कारणों का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थानीय जांच के आधार पर शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है, जबकि झारखंड में भी वर्ष 2012 तक यह प्रक्रिया लागू थी। ऐसे में अब प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाना समुदाय के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। आने वाले दिनों में जिला स्तर पर बड़े आंदोलन और जनप्रतिनिधियों के घेराव की रणनीति पर भी विचार किया जा रहा है।धरनास्थल पर दिनभर नारेबाजी का दौर चलता रहा। आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत नहीं किया जाता,तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर मोअजमाइल, तोफाइल हक, शकील अहमद, शाहीन अख्तर, वसीम अकरम, मोबास्सेर हुसैन, सोलेमान शेख, मोफक्कार हुसैन, अतिकूर रहमान, महमूद आलम सहित समाज के कई गणमान्य लोग छात्र-युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## सीएचसी गेट के बाहर पसरी गंदगी, बीमारी फैलने का खतरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के बोरियो सीएचसी के मुख्य गेट के पास बारिश का पानी सड़क पर बहने एवं हटिया की गंदगी लोगों के द्वारा सड़क पर फेक देने से सीएचसी के बाहर गंदगी पसरी है। गंदगी के कारण आने-जाने वाले राहगीरों एवं रोगियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण बीमारी फैलने का डर है। बेमौसम बरसात के कारण सड़क पर गंदा जल बह रहा है। स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। जानकारी के अनुसार बोरियो में शनिवार एवं मंगलवार को हाट लगता है। हाट के दुकानदारों द्वारा हटिया के बाद गंदगी को सीएचसी के मुख्य द्वार जाने वाले रास्ते में कुड़ा को सड़क पर हीं फेंक दिया जाता है। गंदगी के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारी फैलने की आशंका है। ग्रामीणों व राहगीरों ने सीएचसी प्रभारी से सड़क से गंदगी साफ करने एवं जल-जमाव से निजात दिलाने की मांग की है।

## बारिश के बाद कई घरों और धार्मिक स्थलों में घुसा पानी, आक्रोशित ग्रामीणों ने फोर लेन किया जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : उधवा प्रखंड के चौक स्थित तालाबवाली मस्जिद के पास बीते रात झमाझम बारिश होने से कई घरों और धार्मिक स्थलों में पानी घुस जाने पर आक्रोशित स्थानीय दर्जनों लोगों ने बांस-बल्ला लगाकर उधवा-राजमहल फोर लेन जाम कर दिया। प्रदर्शनकरियों ने जलनिकासी और पानी जमने की समस्या के स्थाई समाधान की मांग की। जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की देर रात प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई है। इससे पतौड़ा पंचायत के पहाड़गांव तालाबवाली मस्जिद के पास दर्जनों घरों और मस्जिदों में बारिश का पानी घुस गया है। इससे जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से कई घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान का नुकसान हुआ है। वहीं मस्जिद में पानी घुसने से फजर की नमाज (सुबह की नमाज) पढ़ने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी है। इस पर स्थानीय रेजाउल शेख, बजहुल शेख, मनीरूल शेख, शमीम शेख, बरकत शेख सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बांस-बल्ला लगाकर उधवा-राजमहल फोर लेन (मुख्य सड़क) जाम कर दिया। जाम करने से दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई है जिसका रन राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। प्रदर्शनकरियों के मुताबिक प्रदर्शन करने के तकरीबन 2 घंटे के बाद भी स्थानीय प्रशासन की ओर से किसी तरह की कोई बातचीत और समाधान की प्रक्रिया नहीं हो पाई है। वहीं प्रदर्शनकरियों ने बताया कि समस्या का समाधान होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## गांव-गांव पहुंच रही विधिक जागरूकता की अलख साहेबगंज में 90 दिवसीय अभियान जारी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गांव-गांव, पंचायतों, नगर निगम क्षेत्रों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थानों में जागरूकता शिविर आयोजित कर आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां पीएलवी-न्याय मित्रों ने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक एवं जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में लोगों द्वारा पूछे गए विभिन्न कानूनी प्रश्नों का सरल भाषा में समाधान भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि यह अभियान लगातार 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। इस अवसर पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद ने भी उपस्थित लोगों को विभिन्न विधिक अधिकारों एवं योजनाओं की जानकारी दी। अभियान को सफल बनाने में पारा विधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। लगातार चल रहे इस जागरूकता अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक चेतना एवं न्याय के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है।

### लेटबाड़ी के पता मेला में उमड़ा जनसैलाब

**लिट्टीपाड़ा** : जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित लेटबाड़ी गांव में आयोजित पारंपरिक ह्यपता मेलाह्ल इस वर्ष भी पूरे उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। मेले में हजारों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र दिनभर उत्सवमय माहौल में डूबा रहा। आसपास के कई गांवों से पहुंचे लोगों ने मेले का भरपूर आनंद लिया और पारंपरिक संस्कृति की रंगीन छटा का साक्षी बने। मेले में ग्रामीण संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली। पारंपरिक लोकगीतों, आदिवासी नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गूंज से मेला परिसर गूंजता रहा। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी रही। बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले, खेल-तमाशे तथा अन्य मनोरंजन के साधन लोगों के बीच खासे लोकप्रिय रहे।

# सदर एसडीपीओ ने अपराध नियंत्रण को लेकर क्राइम मीटिंग की बैठक की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : रविवार को क्राइम मीटिंग एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की के अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थाना प्रभारी से उनके क्षेत्र में होने वाले घटनाओं के बारे में चर्चा किया तथा अहम निर्देश दिए। बैठक में वाहन चेकिंग, गश्ती व वारंटियों के मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का आदेश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करे तथा थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों को निष्पादित जल्द से जल्द करें। थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें। क्राइम मीटिंग में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने थानेदार लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, नोटिसों का तामिला आदि की समीक्षा की। वहीं ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारियों को कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग का गश्ति बढ़ाने को कहा गया। सभी थाना प्रभारियों को कहा कि असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखने को कहा गया। मौके पर मौजद नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव, बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उधवा में राम कथा का आयोजन को लेकर 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**साहिबगंज** : जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत सचिवालय परिसर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में राम कथा का आयोजन को लेकर रविवार को 501 महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा में भाजपा नेता धनंजय मंडल शामिल हुए। इस दौरान पूजा कमेटी के सदस्यों के द्वारा भक्ति गीतों के साथ कलश यात्रा कथा स्थल से निकालकर उधवा चौक, पाकीजा मोड़, कचहरी स्थित गंगा घाट पर पहुंचे जहां अयोध्या से आए कथा वाचक धनंजय वैष्णव जी महाराज वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ महिलाओं ने कलश में गंगाजल भरकर सोमवारी हाट पाड़ा होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंचकर कलश की स्थापना की। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति गीतों से गूंज उठा। कमेटी के कोषाध्यक्ष धर्मराज मंडल ने बताया कि यूपी अयोध्या से पधारे धनंजय वैष्णव जी महाराज के मुखारविंद से कथा का श्रवण 9 दिनों तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा का आयोजन 10 से 18 मई तक शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। मौके पर निमाई चंद्र मंडल, सचिव कुश कुमार रविदास, मानिक मास्टर, दिलीप मंडल, आराधना रविदास, महेंद्र प्रसाद शर्मा, गौतम बागती, सूरज ठाकुर, संदीप साहा, जनार्दन मंडल,सिपक साहा, राजकुमार साहा,तपन बागती, प्रवेश ठाकुर,शिव शंकर साहा,विमल मंडल सहित दर्जनों ग्रामीण एवं सदस्य मौजूद थे।

### भूमि विवाद में सुपाड़ी देकर कराई गई थी सीताराम की हत्या, दो लोगों से पूछताछ

**साहिबगंज**: जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के छोटा उदाली गांव में बीते गुरुवार की रात भूमि विवाद में सीताराम उर्फ जलका हेम्ब्रम (45) की गोली मारकर हत्या के मामले का बरहेट थाना पुलिस ने थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया के नेतृत्व में महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। मृतक सीताराम हेम्ब्रम की पत्नी मीरू मरांडी का आरोप है कि बड़ा उदाली के रहने वाले जेठा हेम्ब्रम के साथ उसका भूमि विवाद था। बीते गुरुवार की रात करीब नौ बजे जेठा उसके घर पर आकर शराब मांगने लगा। शराब नहीं रहने पर पति के साथ उसका विवाद हो गया। कुछ देर बाद घर के बाहर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। घर से बाहर निकलने पर देखा कि उसके पति के सिर पर गोली लगी है। गोली सिर के आरपार हो गई और मौके पर ही उसकी मौत गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जेठा हेम्ब्रम को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस मामले में एक अन्य व्यक्ति को भी पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अबतक की जांच में पुलिस को पता चला है कि सीताराम उर्फ जलका हेम्ब्रम की हत्या शार्प शूटर को 50 हजार सुपारी देकर कराई गई है। इस मामले में बरहेट थाना पुलिस फिलहाल कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। बताया जाता है कि इस घटना में गोड्डा जिला के भी अपराधी शामिल है। पुलिस उनलोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। एक वरीय पुलिस पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर संवाददाता को बताया कि पुलिस ने सीताराम हेम्ब्रम की हत्या के मामले में गोली का खोका बरामद कर लिया है। हथियार बरामदगी व फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी कर रही है। इस मामले में पुलिस पीसी कर सकती है।

### बिन्झा गांव में लगा टीबी मुक्त स्वास्थ्य शिविर, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**लिट्टीपाड़ा** : जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत बिन्झा गांव में ह्लजन-जन रखे ध्यानह्व अभियान के तहत टीबी (क्षय रोग) मुक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई तथा चिकित्सकीय परामर्श लिया। इस दौरान ग्रामीणों को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण, बचाव एवं समय पर इलाज के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सक डॉ. दानिश ने ग्रामीणों का बारी-बारी से स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंद मरीजों के बीच निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि लगातार खांसी आना, लंबे समय तक बुखार रहना, शरीर में कमजोरी महसूस होना तथा तेजी से वजन घटना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य जांच कराकर इलाज शुरू करना जरूरी है, क्योंकि समय पर उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। स्वास्थ्य शिविर में एमपीडब्ल्यू राकेश गोस्वामी, सीएचओ अंजुली हेंब्रम, टेक्नीशियन मारूप तथा एसटीसी कालेश्वर टुडु सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीणों को टीबी से बचाव, साफ-सफाई बनाए रखने, पौष्टिक आहार लेने तथा नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि गांव में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिलती है, क्योंकि उन्हें गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो जाती है। आयोजकों ने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के तहत आने वाले दिनों में अन्य गांवों में भी स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें और टीबी मुक्त समाज बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

### डीबीएल कोल माइंस व पेट्रोल पंप संचालन में अनियमितता राजस्व चोरी और स्थानीय उपेक्षा की जांच की मांग

**आमड़ापाड़** : जिले के आमड़ापाड़ा प्रखंड स्थित पंचूवाड़ा सेंट्रल कोल माइंस में संचालित डीबीएल (ऊ'स्र इ४ 'ङ्क्षल्ल छे३ी) कंपनी के खिलाफ कथित अनियमितताओं, राजस्व चोरी तथा स्थानीय लोगों की उपेक्षा को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी के संचालन में कई गंभीर गड़बड़ियों की आशंका जताई जा रही है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। सुरेश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि आमड़ापाड़ा स्थित डीबीएल कंपनी के पेट्रोल पंप की जमीन से संबंधित दस्तावेजों में गंभीर त्रुटियां सामने आ रही हैं। उनके अनुसार जिस जमीन पर पेट्रोल पंप संचालित हो रहा है, उससे जुड़े खाता नंबर में भी गड़बड़ी की सूचना है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी का पेट्रोल पंप कथित रूप से ह्लकंज्यूमर पेट्रोल पंपह्व की श्रेणी में आता है, जबकि वहां से ट्रांसपोर्टरों को भी तेल उपलब्ध कराया जा रहा है। अग्रवाल का कहना है कि यदि ऐसा हो रहा है, तो यह नियमों के विपरीत होने के साथ-साथ सरकार के राजस्व और टैक्स से जुड़ा गंभीर मामला हो सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि मामले की गहन जांच होने पर करोड़ों रुपये के कथित भ्रष्टाचार एवं घोटाले का खुलासा हो सकता है। उन्होंने आमड़ापाड़ा अंचल अधिकारी और जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की शीघ्र जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि इस विषय को उपायुक्त, भारत सरकार और सीबीआई के संज्ञान में भी लाया जाएगा। सुरेश अग्रवाल ने कंपनी पर स्थानीय लोगों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से खनन कार्य जारी रहने के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई और अधिकांश नियुक्तियां बाहरी लोगों की हुई हैं। उन्होंने मांग की कि कंपनी के खनन कार्य शुरू होने से अब तक के राजस्व, परिवहन, खनन गतिविधियों तथा संबंधित अधिकारियों की कथित आय से अधिक संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कोल माइंस के आसपास रहने वाले ग्रामीणों और प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए कंपनी ने अब तक क्या ठोस कार्य किए हैं।

## एक नजर

### श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मनाया गया मदर्स डे

**खूंटी** : श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के सम्मान में केक काटकर खुशियां साझा कीं और आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाकर उन्हें समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और भावनाओं को व्यक्त किया। कई छात्रों ने कविता, भाषण और संदेशों के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और प्रेरणा को याद किया। छात्रा अंजलि, रचना और रिया ने अपने भाषण के माध्यम से मां के महत्व का बखान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-सह-शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनका त्याग, संघर्ष और प्रेम हमें हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं का आदर करने तथा उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

### ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चतरा** : राजपुर पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को छह ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से एक टीवीएस लूना वाहन एवं मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम हेसापारम से बीके हाई स्कूल कान्हाचट्टी की ओर एक व्यक्ति लूना मोटरसाइकिल से अवैध नशीले पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए राजपुर थाना प्रभारी रूपेश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम की ओर से हेसापारम रोड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध लूना मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली। तलाशी के क्रम में वाहन चालक के पास से छह ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया।इसके बाद पुलिस ने आरोपित को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दिलीप ठाकुर, पिता गांगो ठाकुर, निवासी कान्हाचट्टी, थाना राजपुर, जिला चतरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से भूरे रंग की टीवीएस लूना (जेएच 13एफ-4898) तथा एक रियलमी नार्जो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ली 5 वर्षीय मासूम की जान

**जामताड़ा** : जिले में बेलगाम रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम बच्ची, सजदा खातून की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने एक बार फिर जिले की सड़कों पर सुरक्षा और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कोरीडीह वन गांव की रहने वाली सजदा खातून तालाब से स्नान कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में उसे नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, अस्पताल पहुँचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

# धर्म मानव जीवन में सुख,शांति और खुशहाली का मार्ग करता है प्रशस्त : कालीचरण मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : मुरहू प्रखंड के डौगड़ा गांव में 16 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा रविवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हो गई। समारोह में बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबियों ने भाग लिया और आगामी जनगणना में सामाजिक एवं धार्मिक एकता के लिए अधिक से अधिक लोगों से सरना धर्म दर्ज कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा एवं धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में सरना स्थल पर भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान समाज में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कालीचरण



मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राम सूर्या मुंडा, धर्मगुरु विद्यासागर केरकेट्टा एवं जिला परिषद के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। धर्मगुरु विद्यासागर केरकेट्टा ने कहा कि सरना प्रकृति आधारित मानव सभ्यता का प्राचीनतम धर्म है, जिसकी अपनी धार्मिक परंपराएं, जीवन शैली और दर्शन हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना में 50 लाख से अधिक लोगों ने सरना धर्म दर्ज कराया था और आगामी जनगणना में इसे दो करोड़ से अधिक तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सामाजिक और धार्मिक एकता बनाए रखने के लिए जनगणना में सरना धर्म दर्ज कराने का संकल्प लेने की अपील की। मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि धर्म मानव जीवन में सुख, शांति और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करता है। सिंगबोंगा की आराधना से मानव जीवन में श्रद्धा और भक्ति की भावना बढ़ती है, इसलिए सभी को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि सिंगबोंगा सर्वशक्तिमान हैं और समाज तथा मानव कल्याण के लिए उनकी पूजा-अर्चना आवश्यक है। कार्यक्रम में बुधराम सिंह मुंडा, डॉ. सीताराम मुंडा, जिला परिषद सदस्य रमेश लुगुन, मुखिया लक्ष्मण टुटी, सोमरा मुंडू, धीरजु मुंडा, बेला मुंडरी, जमुना मुंडू, गोपाल बोदरा, करमु हेमरोम, बिरसा तोपनो, मथुरा कंडीर, गोपाल लुगुन, मधियाना धान, जीतनाथ पहान, कोलाय ओड़ेया सहित कई लोगों ने धर्म वचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित किया। समारोह में खूंटी, रांची, मुरहू, बंदगांव, चक्रधरपुर, ओडिशा, राउरकेला, अड़की, कोचांग, बिरबंकी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

## जेके एआई झारखंड चाईबासा ब्रांच की कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जेके एआई) झारखंड के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय जूनियर कलर बेल्ट और सीनियर ब्राउन बेल्ट कराटे ग्रेडिंग परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में लगभग 175 कराटेकारों ने भाग लिया।

ग्रेडिंग परीक्षा में किहोन, काता, कुमीते, शारीरिक और मौखिक परीक्षा ली गई। परीक्षा का संचालन जेके एआई झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक और परीक्षक सेंसाई पंकज कुमार सिंह (ब्लैक बेल्ट 6वीं डॉन जापान) ने किया। परीक्षा को सफल बनाने में सेंपाई अर्थव भगत, अंशु विश्वकर्मा, सावन कुमार मोहंती, रवि मछुवा, जोशिना तुवीड, भावनी कुमारी, सरस्वती तीयू सहित अन्य प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रेडिंग परीक्षा में संत जेवियर कल्याण केंद्र चाईबासा, संत जेवियर बालक विद्यालय चाईबासा, राजेश्वरी एनक्लेव कराटे केंद्र, संत जेवियर लुपंगुटू, संत जेवियर इंग्लिश स्कूल, डीएवी स्कूल, संत विवेका स्कूल, आरबीएस स्कूल असुरा एवं बाल मंडली नीमडीह ब्रांच के कराटेकार शामिल हुए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में जस्टिन रिचर्ड, बिरसिंह आल्डा, तनुजा मछुवा, विजय सिंह कोड़ा, कृष्णा सवैया, एलीना कालुंडिया, भावनी कुमारी, अंतरा कुमारी, सौरभ बिरूली, सुप्रिया सुंडी एवं महेंद्र सिंह सोय शामिल रहे। जेके एआई झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक और परीक्षक सेंसाई पंकज कुमार सिंह ने बताया कि छठवीं क्यू ग्रीन बेल्ट, पांचवीं क्यू पर्पल बेल्ट और फोर्थ क्यू पर्पल स्ट्राइप बेल्ट के सभी परीक्षार्थी परीक्षा में सफल हुए।

## खूंटी में कांग्रेस की विशेष बैठक, संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में रविवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। बैठक में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राजेश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है और इसके लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने तथा



जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का संकल्प लिया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई। नेताओं ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने पर भी बल दिया। मौके पर प्रदेश सचिव रामकृष्ण चौधरी, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नगर पंचायत क्षेत्र अध्यक्ष गुलाम गौश, जिला उपाध्यक्ष रविकांत मिश्रा, धर्मदास कंडीर, विक्रम नाग, कुणाल कमल कच्छप, शशिकांत होरो, तैयब अंसारी, महासचिव गोपाल भगत, बंधु गंझू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गढ़वा में मैजिक-ऑटो की टक्कर 15 से अधिक लोग घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दहेड़िया के पास मैजिक वाहन और ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के मिली जानकारी के अनुसार, केतार थाना क्षेत्र के छाताकुंड गांव से लोग ऑटो पर सवार होकर श्री बंशीधर नगर के कुंबा गांव निवासी बालरूप उरांव की पुत्री का छेका करने जा रहे थे। इसी दौरान दहेड़िया के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक मैजिक ने ऑटो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर घायलों की चीख-पुकार से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर राहत कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सत्येंद्र नारायण सिंह और भाजपा नेता कन्हैया चौबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भिजवाया। उधर, हादसे की खबर शहर में तेजी से फैल गई। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद और थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार भी घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज की व्यवस्था में जुट गए। गंभीर रूप से घायल इंद्रजीत कुमार गुप्ता, बिट्टू सिंह, संतोष चेरो, अवधेश उरांव, लालमोहन यादव, मुनिका कुमार, कमलेश यादव, टिंकू उरांव और अजय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों में लवकुश कुमार, टिंकू उरांव, अजय कुमार उरांव, आमोद सिंह, दीपक कुमार, नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी अंकुश कुमार तथा उत्तर प्रदेश के कोनमंडरा गांव निवासी शिवकुमार उरांव का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रमुख नागरिक गोष्ठी संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बरही अनुमंडल स्तरीय प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन स्थानीय प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अ० भा० कार्यकारिणी सदस्य आदरणीय अद्वैत चरण दत्त जी उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय अद्वैत चरण दत्त और कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और पुष्पांजली कार्यक्रम के साथ किया गया। मंच संचालन सह अतिथि परिचय का कार्यक्रम सुबोध पांडेय के द्वारा किया गया। संघ की प्रस्तावना उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव के द्वारा प्रस्तुत की गई।स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय टोली सदस्य अद्वैत चरण दत्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 1925 में स्थापना के बाद से हिंदू समाज को एकजुट करने, चरित्र निर्माण, और निस्वार्थ सेवा के माध्यम से देश में एक बड़ा सांस्कृतिक व सामाजिक प्रभाव डाला है। मुख्य उपलब्धियों में कश्मीर सीमा की सुरक्षा, 1962/1965 के युद्धों में सहयोग, गोवा मुक्ति संग्राम,1.29 लाख से अधिक सेवा कार्य (शिक्षा, स्वास्थ्य) और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना शामिल है। आरएसएस की प्रमुख उपलब्धियां: सामाजिक समरसता और सेवा: संघ ने छुआछूत और सामाजिक भेदभाव को मिटाने के लिए 'एक कुआं, एक मंदिर, एक श्मशान' का संदेश दिया है। सेवा भारती के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, और आदिवासी कल्याण के क्षेत्र में लाखों सेवा कार्य संचालित हैं।

# पेयजल और बिजली संकट पर 12 मई को भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : भारतीय जनता पार्टी ने जिले में पेयजल एवं बिजली समस्या को लेकर 12 मई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। यह निर्णय रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, खूंटी में आयोजित जिला संगठनात्मक मासिक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा




उपाध्यक्ष गीता कोड़ा मौजूद रहीं, जबकि सह प्रभारी के रूप में रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जिला महामंत्री निखिल कंडुलना व संदीप आनंद समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनसमस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन चलाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, गंदौरी गुड़िया, लक्ष्मी देवी, संतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री गोपाल स्वर्णकार, कंचन सिंह, प्रियांक भगत, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार साहू, मंत्री लीलावती देवी, मदन मोहन गोप, दिनेश कुमार महतो सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नशे में कीटनाशक पीने से युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम** : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रिको इलाके में युवक आकाश कुमार गोस्वामी (३२) की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में उसने गलती से कीटनाशक पी लिया था। गंभीर हालत में उसे तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया, जहां दो दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और आसपास के लोगों में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, घटना ०7 मई की शाम की है। आकाश अपने घर पर था और उसने शराब का सेवन किया हुआ था। परिजनों के मुताबिक अत्यधिक नशे की हालत में उसे इस बात का अंदाजा नहीं रहा कि उसने पानी की जगह घर में रखा कीटनाशक उठा लिया। जहरीला पदार्थ शरीर में पहुंचते ही उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। उसे उल्टियां होने लगीं और वह बेचैन होकर छटपटाने लगा। स्थिति गंभीर होते देख परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती किया। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी निगरानी और इलाज में जुटी रही, लेकिन शरीर में जहर फैल जाने के कारण उसकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान उसकी स्थिति लगातार गंभीर बनी रही और आखिरकार शनिवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक के छोटे भाई अमन कुमार गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि यह पूरी तरह एक हादसा था। उन्होंने कहा कि आकाश नशे की हालत में था और उसे यह समझ नहीं आया कि वह पानी की जगह कीटनाशक पी रहा है। परिजनों ने बताया कि आकाश मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने के बाद सिदगोड़ा थाना पुलिस टीएमएच पहुंची और शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी फैज अहमद ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। परिजनों के बयान भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं, फिर भी पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का स्पष्ट पता चल सके।

### प्रोजेक्ट बदलाव के तहत 75 संकुल संगठनों में सखी दिवस आयोजित



**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले में नवाचार के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के माध्यम से संचालित 75 संकुल संगठनों में प्रोजेक्ट बदलाव के तहत संकुल स्तरीय सखी दिवस कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में सीएलएफ और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त मनीष कुमार और पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राज लक्ष्मी शामिल हुए। दोनों अधिकारियों ने दीदियों को संबोधित करते हुए मातृत्व दिवस की बधाई दीं और प्रत्येक माह आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट बदलाव के तहत संचालित विशेष गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने और रक्तदान के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। मदर्स डे के अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सीएलएफ स्तर पर बर्तन बैंक के माध्यम से राजस्व सृजन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसके अलावा प्रत्येक तीन माह में एसएचजी, वीओ और सीएलएफ स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्देश दिया। सुकन्या योजना के तहत सभी दीदियों को प्रतिमाह 500 रुपये की बचत करने के लिए प्रेरित किया गया। सीएलएफ एवं कैडर के लिए निर्धारित ड्रेस कोड, कोट और पहचान पत्र को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश भी दिया गया। आपातकालीन सहायता निधि के तहत स्वयं सहायता समूह की प्रत्येक सदस्य से 10 या 20 रुपये का योगदान लेने की बात कही गई, ताकि आकस्मिक जरूरत पड़ने पर समूह की महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कर्मी, सीएलएफ प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित लोग शामिल हुए। बैठक में सीएलएफ ईसी-1 एजेंडा, कैडर समीक्षा, आजीविका नियोजन, सामाजिक समावेशन, जेंडर संवाद और वित्तीय साक्षरता जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रशासन ने निर्धारित माहवार विशेष कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की।

### सेल में नौकरी मिलने के बाद में मुंडा पद को लेकर विवाद, नई ग्राम सभा 17 को



**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के गुवा क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरा गांव में रविवार को पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई। गांव के दीउरी प्रधान चाम्पिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने वर्तमान मुंडा दामु चाम्पिया के सेल गुवा में नौकरी करने के मुद्दे पर गंभीर आपत्ति जताई। ग्रामीणों का कहना था कि गांव का मुंडा गांव की सामाजिक, पारंपरिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का प्रमुख होता है, इसलिए वह एक साथ सरकारी कंपनी की नौकरी और गांव की पारंपरिक व्यवस्था दोनों का प्रभावी ढंग से निर्वहन नहीं कर सकता। ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि मुंडा पद केवल एक पद नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक व्यवस्था, परंपरा और आदिवासी स्वशासन प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में गांव का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के हाथ में होना चाहिए, जो हर समय ग्रामीणों के सुख-दुख, विवाद निपटारा, सामाजिक निर्णय और पारंपरिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से उपलब्ध रह सके। बैठक के दौरान इस मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान मुंडा दामु चाम्पिया को ग्राम सभा में अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने बैठक में शामिल नहीं होकर ग्राम सभा का बहिष्कार किया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। इसके बाद ग्रामीणों ने गांव की परंपरा और सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नए मुंडा के चयन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 17 मई को खाश जामदा में सारंडा पीढ़ मानकी साजन चातोम्बा की अध्यक्षता में एक विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस बैठक में ठाकुरा गांव के नए मुंडा के चयन को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि परंपरागत व्यवस्था के तहत मानकी की उपस्थिति में ही इस प्रक्रिया को औपचारिक रूप दिया जाएगा। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने नए मुंडा पद के लिए बुधराम चाम्पिया के नाम का प्रस्ताव रखा। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि बुधराम चाम्पिया गांव के सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं और गांव की परंपरा और आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि गांव का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति को मिलना चाहिए, जो पूरी निष्ठा, समय और जिम्मेदारी के साथ गांव के हित में कार्य कर सके। ग्राम सभा में प्रशांत चाम्पिया, बबलू , मदन, प्रधान , मोरा चाम्पिया, मंगल चाम्पिया, सागर चाम्पिया, बुधराम चाम्पिया, मंगडू चाम्पिया, बंधन चाम्पिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त डायरी

### कैमूर के दुर्गावती नदी में मिले मानव के कटे हुए अंग, मौके पर पहुंची पुलिस

**पटना (एजेंसी)** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब मोहनिया-रामगढ़ पथ स्थित दुर्गावती नदी में कटे हुए मानव अंग मिलने की सूचना सामने आई. घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया. (रामगढ़ से रंजय जायसवाल) जिले के रामगढ़ थाना इलाका में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब मोहनिया-रामगढ़ पथ स्थित दुर्गावती नदी में कटे हुए मानव अंग मिलने की सूचना सामने आई. घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए.नदी में मिले मानव शरीर के कटे हुए अंग सूचना पर मोहनिया सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार निर्झर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं. बताया जा रहा है कि नदी के अलग-अलग स्थानों पर मानव शरीर के कटे हुए अंग बरामद हुए हैं. घटना की गंभीरता को देखते हुए भभुआ मुख्यालय से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है. मामले की जांच में जुटी पुलिस वहीं स्थानीय लोगों के बीच इस बात की भी चर्चा है कि शव के कुछ हिस्से सूटकेश में रखकर फेंके गए हो सकते हैं. हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मानव अंगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

### जहानाबाद में पारिवारिक कलह से बवाल, मारपीट में तीन लोग घायल

**पटना (एजेंसी)** जहानाबाद में अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी में कराया गया. दोनों मामलों में पुलिस शिकायत मिलने के बाद जांच में जुट गई है. (सुनील शर्मा की रिपोर्ट) जहानाबाद के घोसी में आपसी विवाद और पारिवारिक कलह को लेकर हुई दो अलग-अलग मारपीट की घटनाओं से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है. दोनों घटनाओं में कुल तीन लोग घायल हो गए . जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल (पीएचसी) घोसी में भर्ती कराया गया. पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है. नन्दना गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट पहली घटना घोसी थाना क्षेत्र के नन्दना गांव की है. जानकारी के अनुसार देर रात किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई. दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और लाठी-डंडों का भी इस्तेमाल किया गया. इस घटना में गांव निवासी 60 वर्षीय कौशलेन्द्र शर्मा और 48 वर्षीय सिकन्दर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए. मारपीट की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया. घायलों का पीएचसी में इलाज घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक अस्पताल घोसी ले जाया गया. चिकित्सकों ने बताया कि दोनों को शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं. हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है. घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है. से के विवाद में भतीजे ने चाचा को पीटा वहीं दूसरी घटना कैरवा गांव की है, जहां रविवार की सुबह पारिवारिक विवाद हिंसक हो गया. बताया जाता है कि सत्येन्द्र शर्मा अपने घर पर मौजूद थे. इसी दौरान उनका भतीजा उनसे पैसे मांगने लगा. पैसे देने से इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया. आरोप है कि गुस्से में भतीजे ने लाठी-डंडे से हमला कर अपने चाचा को गंभीर रूप से घायल कर दिया. शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर घायल को बचाया. पुलिस जांच में जुटी घायल सत्येन्द्र शर्मा को इलाज के लिए पीएचसी घोसी में भर्ती कराया गया. जहां उनका इलाज जारी है. उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे नहीं देने पर उनके भतीजे ने पहले गाली-गलौज की और फिर हमला कर दिया. दोनों मामलों में पीड़ित पक्ष की ओर से घोसी थाना में लिखित शिकायत दी जा रही है. पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. लगातार हो रही मारपीट की घटनाओं से इलाके के लोग भी चिंतित नजर आ रहे हैं.

### चार्वाक फाउंडेशन ने की 'दी रेशनलिस्ट' मंच की स्थापना

**पटना (एजेंसी)** सहरसा में चार्वाक फाउंडेशन की नई इकाई 'दी रेशनलिस्ट' की स्थापना की गई है, जो प्रबुद्ध वर्ग को स्वतंत्र और तार्किक अभिव्यक्ति के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगी. इस अवसर पर संस्थापक प्रो. राज कुमार सिन्हा ने भविष्य में विश्वस्तरीय पत्रिका के प्रकाशन और डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने का निर्णय लिया है. सहरसा से विनय कुमार मिश्र की रिपोर्टः शहर के मीर टोला में चार्वाक फाउंडेशन की इकाई ह्यदी रेशनलिस्टह्न की प्रथम बैठक आयोजित की गई. इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान मंच के संस्थापक अवकाश प्राप्त प्रो. राज कुमार सिन्हा ने इसके उद्देश्यों और लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने प्रबुद्ध और बौद्धिक वर्ग को इस मंच से जुड़ने का आह्वान किया ताकि वे अपने विचारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से अभिव्यक्त कर सकें. स्वतंत्र अभिव्यक्ति और तार्किक सोच के लिए नया मंच प्रो. राज कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज में ऐसे कई लोग हैं जो समसामयिक विषयों पर गंभीर विचार रखते हैं लेकिन किसी कारणवश उन्हें अभिव्यक्त नहीं कर पाते. ह्यदी रेशनलिस्टह्न ऐसे ही लोगों को तार्किक अभिव्यक्ति के लिए एक सशक्त माध्यम प्रदान करेगा. उन्होंने यह भी घोषणा की कि निकट भविष्य में एक विश्वस्तरीय पत्रिका का प्रकाशन किया जाएगा और मंच का अपना डिजिटल प्लेटफॉर्म भी होगा. साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने जताई खुशी बैठक में चार्वाक फाउंडेशन की निदेशिका शीतोष्णा श्रीवास्तव ने मंच के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. वहीं, विद्यालय के प्रधानाचार्य सह साहित्यकार कुमार विक्रमादित्य ने कोसी क्षेत्र में इस तरह के बौद्धिक मंच की आवश्यकता पर बल देते हुए भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराया. व्यंग्यकार असीम कुमार आंसू और डॉ. नरेंद्र प्रसाद यादव ने भी स्वतंत्र वैचारिक विमर्श के लिए इस प्रयास की सराहना की. गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर डॉ. मयंक भार्गव, डॉ. दिलीप कुमार और प्रो. धर्मव्रत चौधरी सहित शिक्षा जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने अपने विचार रखे. बैठक में प्रो. जैनेंद्र कुमार, प्रो. शाहिद हुसैन, प्रो. सुधांशु शेखर और एडवोकेट राजीव कुमार सिन्हा सहित दर्जनों शिक्षाविदों और कानूनविदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. धर्मव्रत चौधरी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राज कुमार सिन्हा द्वारा किया गया.

# सम्राट चौधरी की नई सौगात: बिहार के कर्मियों को अब मिलेगा बिना ब्याज एडवांस

**सरकार बनेगी गारंटर: बैंक और वित्तीय संस्थान उपलब्ध कराएंगे राशि, सरकार की होगी गारंटी**



**पटना (एजेंसी)** बिहार में नई सरकार बनने के बाद कम सम्राट चौधरी लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं अब उन्होंने बिहार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। बिहार सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देने की तैयारी की है। नई व्यवस्था के तहत कर्मचारी और पेंशनभोगी अब अपने वेतन और पेंशन के आधार पर अग्रिम राशि प्राप्त कर सकेंगे। खास बात यह है कि सरकार खुद ऋण नहीं देगी, बल्कि गारंटर की भूमिका निभाएगी। बैंक और वित्तीय संस्थान इस योजना के तहत राशि उपलब्ध कराएंगे। वित्त विभाग के अनुसार, सरकार ने इस योजना को अल्पावधि और दीर्घावधि दो श्रेणियों में विभाजित किया है। अल्पावधि श्रेणी के तहत अधिकतम 60 दिनों तक अग्रिम राशि दी जाएगी। यदि कर्मचारी तय समय के भीतर राशि लौटा देते हैं तो उन पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लगेगा। वहीं, दीर्घावधि श्रेणी में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उनके वेतन या पेंशन का 30 गुना तक अग्रिम मिल सकेगा। योजना में यह भी प्रावधान किया गया है कि मासिक वेतन या पेंशन के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, ताकि कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है, जो योजना के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेगा। वित्त विभाग की ओर से बताया गया कि ओर से बताया गया कि अब बिहार सरकार के कर्मचारी और पेंशनर अपना वेतन और पेंशन की राशि को एडवांस के तौर पर ले पाएंगे। यह एडवांस राशि दो माह तक के लिए मिलेगी। अगर जल्दी (अगले माह) इसे वापस देते हैं तो इस पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस यानी डिजिटल होगी। सभी तरह के शुल्क और ब्याज की जानकारी भी सार्वजनिक रहेगी।

## वैशाली में LPG संकट से हाहाकार: 65 हजार से ज्यादा उपभोक्ता प्रभावित

**पटना (एजेंसी)** वैशाली जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती नजर आ रही है. जिले में 65 हजार से अधिक गैस रीफिल लंबित होने के कारण उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है. हालात ऐसे हैं कि कई जगहों पर लोग सुबह से ही गैस गोदामों के बाहर लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं. अहमद की रिपोर्ट) हाजीपुर सहित पूरे वैशाली जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है. जिले में करीब 8 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं. लेकिन वर्तमान में गैस आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है. उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग के कई दिनों बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा, जिससे रसोई का काम प्रभावित हो रहा है. 65 हजार से अधिक रीफिल लंबित जानकारी के अनुसार, जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 67 गैस एजेंसियां संचालित हैं. 8 मई तक इंडियन ऑयल के 44,254, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 10,889 और भारत पेट्रोलियम के 10,014 रीफिल लंबित बताए जा रहे हैं. इस तरह कुल मिलाकर करीब 65 हजार से अधिक उपभोक्ता गैस सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं. पांच दिन पीछे चल रहा डीएससी नंबर उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के बाद पहले जहां दो दिनों में डीएससी नंबर का मैसेज आ जाता था, वहीं अब यह प्रक्रिया काफी धीमी हो गई है. वर्तमान में डीएससी नंबर करीब पांच दिन पीछे चल रहा है. पुराने डीएससी नंबर वाले उपभोक्ताओं को पहले गैस दी जा रही है, जबकि नए नंबर वालों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है. होम डिलीवरी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित सबसे ज्यादा परेशानी होम डिलीवरी को लेकर सामने आ रही है. गैस वेंडरों का कहना है कि जैसे ही वे गोदाम से सिलेंडर लेकर निकलते हैं, पहले से मौजूद उपभोक्ता वहीं सिलेंडर ले लेते हैं. इससे घर-घर गैस पहुंचाने की व्यवस्था लगभग ठप हो गई है. कई जगहों पर उपभोक्ता सुबह से गोदाम के बाहर लाइन लगाकर खड़े रहते हैं ताकि किसी तरह उन्हें सिलेंडर मिल सके. सात दिन तक ही वैलिड रहता है डीएससी नंबर वेंडरों के अनुसार, डीएससी नंबर केवल सात दिनों तक ही वैध रहता है. यदि इस अवधि में गैस नहीं मिलती है तो उपभोक्ता को दोबारा बुकिंग करनी पड़ती है. इससे पुराने और नए उपभोक्ताओं के बीच लंबी प्रतीक्षा की स्थिति बन रही है

## नियति का क्रूर प्रहार, पिता की तरह पुत्र की भी ताड़ के पेड़ से गिरकर हुई मौत

**पटना (एजेंसी)** सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में शनिवार शाम ताड़ के पेड़ से गिरकर 34 वर्षीय राजेश चौधरी की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. हृदयविदारक बात यह है कि छह वर्ष पूर्व मृतक के पिता की भी मौत इसी तरह पेड़ से गिरने के कारण हुई थी, जिससे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है.

सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) से आयुष की रिपोर्टः बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के चौधरी टोला वार्ड संख्या 22 में शनिवार की शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ. ताड़ के पेड़ से गिरकर एक 34 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान आजाद नगर निवासी स्वर्गीय विंदा चौधरी के पुत्र राजेश चौधरी के रूप में हुई है. इस घटना ने न केवल एक परिवार का चिराग बुझा दिया, बल्कि छह साल पुराने जख्मों को भी हरा कर दिया है. नीरा उतारने के दौरान हुआ हादसा जानकारी के अनुसार, राजेश चौधरी शनिवार शाम ताड़ के पेड़ पर नीरा उतारने के लिए चढ़ा था. इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह काफी ऊंचाई से अनियंत्रित होकर सीधे जमीन पर आ गिरा. जमीन पर गिरते ही वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया. आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने आनन-फानन में पिता की भी ऐसे ही हुई थी मौत राजेश की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया. ग्रामीणों ने अत्यंत भावुक होते हुए बताया कि मृतक के पिता विंदा चौधरी की मौत भी करीब छह वर्ष पूर्व इसी तरह पेड़ से गिरने के कारण हुई थी. पिता के बाद अब पुत्र की भी उसी अंदाज में हुई आकस्मिक मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है. राजेश ही अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था, जो मेहनत-मजदूरी कर घर चलाता था. उसकी मौत से परिजनों के सामने अब जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है.

## गोपालगंज के महेंद्र दास इंटर कॉलेज की प्राचार्य पर, अपने भाई के साथ मिलकर सरकारी पैसों की हेराफेरी करने का आरोप



**पटना (एजेंसी)** : गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखंड में स्थित महेंद्र दास इंटर कॉलेज में शिक्षकों को अनुदान की राशि देने में एक करोड़ की हेराफेरी की जांच शिक्षा विभाग शुरू कर दिया है. कालेज में कार्यरत शिक्षक का आरोप प्राचार्य निभा तिवारी अपने भाई राजीव मिश्रा के नाम से एक लाख का चेक लेकर राशि वापस ले लिया. प्राचार्य ने अपने भाई के साथ कर्मियों को डरा-धमकाकर, सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर, केस में फंसाने तथा कॉलेज से बर्खास्त करने की धमकी देकर चेक के माध्यम से भुगतान वापस ले लिया गया है ,तथा दी गयी राशि का आधा हिस्सा किसी न किसी माध्यम से वापस वसूल लिया गया. अब मामले की हाइलेबल जांच शुरू होने के बाद गड़बडियों का दायरा और बढ़ने की संभावना बढ गयी है. डीइओ योगेश कुमार ने बताया कि कॉलेज में धांधली का कागजाती साक्ष्य सामने आये है. जिसे गंभीरता से जांच किया जा रहा. दोषी चाहे जो भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा. गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखंड में स्थित महेंद्र दास इंटर कॉलेज में शिक्षकों को अनुदान की राशि देने में एक करोड़ की हेराफेरी की जांच शिक्षा विभाग शुरू कर दिया है. कालेज में कार्यरत अर्थशास्त्र के शिक्षक संजय वर्मा को अनुदान की राशि दो वर्ष का 85-85 हजार का दो चेक दिया गया. उसके साथ ही प्राचार्य निभा तिवारी के द्वारा अपने रिश्ते के भाई राजीव मिश्रा के नाम से एक लाख का चेक लेकर राशि ले लिया गया. शिक्षक ने कहां मजबूरी में राशि को लौटाया. शिक्षकों का आरोप प्राचार्य अपने भाई के माध्यम से डरा-धमका कर पैसे की उगाही करती है उनके जैसे लगभग सभी शिक्षकों के साथ डरा- धमका कर राशि लौटवाया गया है. कॉलेज में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के मद में सत्र 2015-17 एवं 2016-18 के लिए बिहार सरकार एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 06 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से एक करोड़ रुपये भेजे गये थे. उसके बाद प्राचार्य ने अपने कथित भाई के साथ कर्मियों को डरा-धमकाकर, सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर, केस में फंसाने तथा कॉलेज से बर्खास्त करने की धमकी देकर चेक के माध्यम से भुगतान किया गया तथा दी गयी राशि का आधा हिस्सा किसी न किसी माध्यम से वापस वसूल लिया गया. हाइलेबल जांच शुरू होने के बाद उजागर हुआ मामला अब मामले की हाइलेबल जांच शुरू होने के बाद गड़बडियों का दायरा और बढ़ने की संभावना बढ गयी है. डीइओ योगेश कुमार ने बताया कि कॉलेज में धांधली का कागजाती साक्ष्य सामने आये है

## दिन भर सताएगी उमस भरी गर्मी, शाम को गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार



**पटना (एजेंसी)** लखीसराय में रविवार को दिन भर उमस भरी गर्मी और तेज धूप का असर रहेगा, जबकि शाम को गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहने के साथ ही शाम को बादल गरजने और हल्की बौछारें पड़ने के आसार हैं, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है. लखीसराय से अजीत सिंह की रिपोर्टः जिले में रविवार को मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल सकते हैं. मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, दिन के समय तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी, जबकि शाम ढलते ही मौसम का मिजाज बदल सकता है. शाम के समय आसमान में बादल छाने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है. हवा की रफ्तार में आएगी कमी, 40 फीसदी बारिश की उम्मीद मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, रविवार को हवा की रफ्तार शनिवार (9 मई) के मुकाबले कम रहेगी. दिन भर 12 से 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने का अनुमान है. हालांकि 9 मई की तुलना में बारिश की तीव्रता कम रहेगी और जिले के कुछ हिस्सों में 40 प्रतिशत तक वर्षा होने की संभावना है. वातावरण में नमी का स्तर 65 प्रतिशत के आसपास रहेगा, जिससे दोपहर के समय उमस का अहसास अधिक होगा. तापमान का उतार-चढ़ाव और अगले दिन का हाल तापमान की बात करें तो 10 मई को जिले का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. हालांकि आंधी-तूफान आने की आशंका कम है, लेकिन बादलों के गरजने के साथ बिजली कड़कने की घटनाएं हो सकती हैं. वहीं, राहत की खबर यह है कि 11 मई से मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा और सोमवार को बारिश की संभावना न के बराबर है. आम लोगों के लिए सलाह बदलते मौसम और दोपहर की तेज धूप को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त तरल पदार्थ लेने और दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी है. शाम को बिजली चमकने या बादल गरजने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

## नवादा में जंगल से भटककर विनोबा नगर पहुंचा मोर, ग्रामीणों ने सुरक्षित वन विभाग को सौंपा



**पटना (एजेंसी)** नवादा जिला के गोविंदपुर प्रखंड इलाके के विनोबा नगर गांव के समीप शनिवार को लोगों की भीड़ जुट गई थी. जब जंगल से भटककर एक मोर गांव के पास पहुंच गया था. राष्ट्रीय पक्षी मोर को अचानक गांव में देख ग्रामीण उत्साहित हो उठे है. ग्रामीणों ने सुरक्षित पकड़ कर वन विभाग को दे दिया. : नवादा जिला के गोविंदपुर प्रखंड इलाके के विनोबा नगर गांव के समीप शनिवार को उस समय लोगों की भीड़ जुट गई थी. जब जंगल की ओर से भटककर एक मोर गांव के पास पहुंच गया. राष्ट्रीय पक्षी मोर को अचानक गांव में देख ग्रामीण उत्साहित हो उठे. हालांकि ग्रामीणों ने समझदारी दिखाते हुए उसे किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया और सुरक्षित पकड़ लिया. ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल गोविंदपुर थाना को दी है. सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मोर को अपने संरक्षण में लेकर थाना ले आई. इसके बाद गोविंदपुर थाना ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई है. सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम थाना पहुंची सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गोविंदपुर थाना पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मोर को अपने साथ ले गई. वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संभवतः जंगल क्षेत्र से भटककर मोर आबादी वाले इलाके में पहुंच गया था. उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर माधोपुर के जंगल में छोड़ दिया गया है. ग्रामीणों की सतर्कता एवं जागरूकता से मोर को सुरक्षित किया गया ग्रामीणों की सतर्कता एवं जागरूकता की इलाके में सराहना की जा रही है. लोगों का कहना था कि मोर देश का राष्ट्रीय पक्षी है और इसकी सुरक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है. वन विभाग ने भी लोगों से वन्य जीव दिखने पर उन्हें नुकसान न पहुंचाने तथा तुरंत प्रशासन और वन विभाग को सूचना देने की अपील की है

## नालंदा जिले में निगरानी विभाग ने 11 ट्रैप, 14 अधिकारियों और कर्मियों को रिश्वत लेते पकड़ा



**पटना (एजेंसी)** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में सबसे अधिक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. नालंदा जिले में वर्ष 2025 और 2026 के दौरान निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई में घूसखोरी के 11 ट्रैप, 14 अधिकारियों और कर्मियों को रिश्वत लेते पकड़ा है. नगरनौसा प्रखंड भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है. सबसे बड़ी ट्रैप कार्रवाई 25 अप्रैल 2026 को हुई है. जब राजगीर थाने के दारोगा को 90 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया. है. यह 2025-26 की सबसे बड़ी ट्रैप राशि मानी जा रही है. वहीं स्वास्थ्य विभाग में आशा बहाली, पीएससी के बीएसएम,बीपीआरओ,आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका,शिक्षा विभाग, चंडी बीआरसी में संसाधन शिक्षक,बीईओ, बिहारशरीफ डीईओ कार्यालय के पूर्व लिपिक ,राजगीर अंचल के राजस्व कर्मचारी,इस्लामपुर के जेई नीतीश कुमार जैसे दर्जनों भ्रष्टाचारी नालंदा और बिहारशरीफ में बैठे हुए है. नालंदा जिले में वर्ष 2025 और 2026 के दौरान निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई में घूसखोरी के 11 बड़े मामले उजागर हुए हैं. इन कारवाई में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, बिजली और आंगनबाड़ी विभाग के कुल 14 अधिकारी एवं कर्मी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए है. आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में सबसे अधिक छह बड़ी कार्रवाई हुई है. जबकि नगरनौसा प्रखंड भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है. सबसे बड़ी ट्रैप कार्रवाई 25 अप्रैल 2026 को हुई है. जब राजगीर थाने के दारोगा देवकांत कुमार को 90 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया. यह 2025-26 की सबसे बड़ी ट्रैप राशि मानी जा रही है. स्वास्थ्य विभाग में भी चरम पर भ्रष्टाचार वहीं स्वास्थ्य विभाग में आशा बहाली के नाम पर लगातार घूसखोरी के मामले सामने आए है. नगरनौसा पीएससी के बीएसएम मनजीत कुमार को 10 हजार रुपये और इस्लामपुर में बीसीएम आशुतोष कुमार को 40 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया. आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका ने की भारी भ्रष्टाचार नगरनौसा में मार्च से मई 2026 के बीच तीन बड़ी कार्रवाई हुई है. यहां बीपीआरओ को 12 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया, जबकि आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी को 3,200 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था. आरोप था कि पोषाहार पंजी पर हस्ताक्षर और अन्य सरकारी कार्यो के बदले कमीशन मांगा जा रहा था. शिक्षा विभाग भी निगरानी के रडार पर रहा है. चंडी बीआरसी में संसाधन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा को 17 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया है. जबकि पूछताछ में बीईओ पुष्पा कुमारी का भी नाम सामने आया है. डीपीओ और शिक्षक भी भ्रष्टाचार में पकड़े गए हिलसा में डीपीओ अनिल कुमार और शिक्षक संजय कुमार 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़े गए. वहीं बिहारशरीफ डीईओ कार्यालय के पूर्व लिपिक राज किशोर सिन्हा को 1,600 रुपये घूस मामले में अदालत ने दो वर्ष की सजा सुनाई है. राजस्व विभाग में भी कई भ्रष्टाचार के मामले राजस्व विभाग में भी कई भ्रष्टाचार के मामले सामने आए है.



# रुद्राक्ष के 1 छोटे से उपाय से दूर कर सकते हैं कुंडली के दोष

रुद्राक्ष को हमारे शास्त्रों ने अत्यंत पवित्र माना है। किंवदती है कि रुद्राक्ष भगवान शिव की आंख का अश्रु है। रुद्राक्ष एक से लेकर चौदह मुखी तक पाए जाते हैं। एक मुखी रुद्राक्ष अत्यंत दुर्लभ होने के साथ-साथ साक्षात भगवान शिव का प्रत्यक्ष रूप माना जाता है। अतः उचित रुद्राक्ष धारण कर जन्मपत्रिका में बने अशुभ योगों के दुष्प्रभाव में कम कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि जन्मपत्रिका के किस दोष के लिए कौन सा रुद्राक्ष धारण किया जाना श्रेयस्कर रहेगा-

- मांगलिक योग- मांगलिक योग की शांति के लिए 11 मुखी रुद्राक्ष धारण करना लाभप्रद रहता है।
- ग्रहण योग- ग्रहण योग की शांति के लिए 2 एवं 8 मुखी रुद्राक्ष का लॉकेट धारण करना लाभप्रद रहता है।
- केमद्रुम योग- केमद्रुम योग की शांति के लिए 13 मुखी रुद्राक्ष चांदी में धारण करना लाभप्रद रहता है।
- शकट योग- शकट योग की शांति के लिए 10 मुखी रुद्राक्ष धारण करना लाभप्रद रहता है।
- कालसर्प दोष- कालसर्प दोष की शांति के लिए 8 व 9 मुखी रुद्राक्ष का लॉकेट धारण करना लाभप्रद रहता है।
- अंगारक योग- अंगारक योग की शांति के लिए 3 मुखी रुद्राक्ष धारण करना लाभप्रद रहता है।
- चांडाल दोष- चांडाल दोष की शांति के लिए 5 व 10 मुखी रुद्राक्ष का लॉकेट धारण करना लाभप्रद रहता है।

# आपकी किचन में ही छुपे हैं सफलता और असफलता के राज

वास्तु के अनुसार चीजों व्यवस्थित न हो तो यह अपशगुन का कारण बनती हैं। ऐसे में घर की रसोई का विशेष ख्याल रखना चाहिए। किचन की दिशा के साथ ही साथ रसोई घर में काम आने वाले तमाम बर्तन भी शुभता और अशुभता का कारण हो सकते हैं। यदि उनका ठीक प्रकार से प्रयोग न किया जाए या फिर उसे उचित स्थान पर सही तरीके से न रखा जाए तो उसके परिणाम नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। किचन के बर्तनों का सही तरह से प्रयोग न करने पर वे दरिद्रता का भी कारण बन सकती हैं।

वास्तु के अनुसार किचन में सबसे अधिक प्रयोग आने वाले बर्तनों में तवे का बहुत ज्यादा महत्व होता है। वास्तु के अनुसार तवा और कढ़ाई राहु का प्रतिनिधित्व करने वाले होते हैं। ऐसे में इनका प्रयोग करते समय विशेष ख्याल रखे जाने की जरूरत होती है। मसलन, तवे या कढ़ाई को कभी भी जूठा न करें ना ही उस पर जूठी सामग्री रखें। हालांकि किचन में जूठे हाथ से किसी भी बर्तन को नहीं छूना चाहिए और न ही वहां पर जूठीं सामग्री रखना चाहिए। किचन में पवित्रता का पूरा ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है। घर के इस कोने में स्वच्छता का जितना ख्याल रखा जाएगा धन आगमन के रास्ते उतने ही आसान होंगे।

## किचन में वास्तु से जुड़े नियम

रात को खाना बनाने के बाद तवे को हमेशा धो कर रखें। जब तवे का उपयोग न करना हो तो उसे ऐसी जगह पर रखें जहां से वह आम नजरों में न आ पाए। कहने का तात्पर्य उसे खुले में रखने की बजाए किसी आलमारी या दराज में रखें।

- तवे या कढ़ाई को कभी भी उल्टा नहीं रखना चाहिए क्योकि तवा को उल्टा रखने से घर में राहु की नकारत्मक उर्जा का संचार होता है।
- तवा और कढ़ाई को जहां पर खाना बनाते हों, उसकी दाईं ओर रखें क्योकि किचन के दाई ओर मां अन्नपूर्णा का स्थान होता है।
- कभी भी भूलकर गर्म तवे पर पानी न डालें। वास्तु के अनुसार ऐसा करने पर घर में मुसीबतें आती हैं।





# भगवान शिव के वाहन नंदी के कान में क्यों बोलते हैं मनोकामना



शिव मंदिर में लोग शिवलिंग के दर्शन और पूजा करने के बाद वहां शिवजी के सामने विराजित भगवान नंदी की मूर्ति के दर्शन कर उनकी पूजा करते हैं और अंत में उनके कान में अपनी मनोकामना बोलते हैं। आखिर उनके कान में मनोकामना बोलने की परंपरा क्यों है? आओ जानते हैं इस संबंध में पौराणिक कथा।

भगवान शिव के प्रमुख गणों में से एक है नंदी। भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय और विजय भी शिव के गण हैं। माना जाता है कि प्राचीनकालीन किताब कामशास्त्र, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र और मोक्षशास्त्र में से कामशास्त्र के रचनाकार नंदी ही थे। बैल को महिष भी कहते हैं जिसके चलते भगवान शंकर का नाम महेश भी है।

शिवजी के सामने नंदी क्यों हैं विराजित

शिलाद मुनि ने ब्रह्मचर्य का पालन करने का संकल्प लिया। इससे वंश समाप्त होता देखकर उनके पितर चिंतित हो गए और उन्होंने शिलाद को वंश आगे बढ़ाने के लिए कहा। तब उन्होंने संतान की कामना के लिए इंद्रदेव को तप से प्रसन्न कर जन्म और मृत्यु के बंधन से हीन पुत्र का वरदान मांगा। परंतु इंद्र ने यह वरदान देने में असमर्थता प्रकट की और भगवान शिव का तप करने के लिए कहा। भगवान शंकर ने शिलाद मुनि के कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर स्वयं शिलाद के पुत्र रूप में प्रकट होने का वरदान दिया। कुछ समय बाद भूमि जोतते समय शिलाद को एक बालक मिला, जिसका नाम उन्होंने नंदी रखा।

शिलाद ऋषि ने अपने पुत्र नंदी को संपूर्ण वेदों का ज्ञान प्रदान किया। एक दिन शिलाद ऋषि के आश्रम में मित्र और वरुण नाम के दो दिव्य ऋषि पधारे। नंदी ने अपने पिता की आज्ञा से उन ऋषियों की उन्होंने अच्छे से सेवा की। जब ऋषि जाने लगे तो उन्होंने शिलाद ऋषि को तो लंबी उम्र और खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया लेकिन नंदी को नहीं। तब शिलाद ऋषि ने उनसे पूछा कि उन्होंने नंदी को आशीर्वाद क्यों नहीं दिया? इस पर ऋषियों ने कहा कि नंदी अल्पायु है। यह सुनकर शिलाद ऋषि चिंतित हो गए। पिता की चिंता को नंदी ने जानकर पूछा क्या बात है पिताजी। तब पिता ने कहा कि तुम्हारी अल्पायु के बारे में ऋषि कह गए हैं इसीलिए मैं चिंतित हूं। यह सुनकर नंदी हंसने लगा और कहने लगा कि आपने मुझे भगवान शिव की कृपा से पाया है तो मेरी उम्र की रक्षा भी वहीं करेंगे आप क्यों नाहक चिंता करते हैं।

इतना कहते ही नंदी भुवन नदी के किनारे शिव की तपस्या करने के लिए चले गए। कठोर तप के बाद शिवजी प्रकट हुए और कहा वरदान मांगों वत्स। तब नंदी के कहा कि मैं उम्रभर आपके सानिध्य में रहना चाहता हूं। नंदी के समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने नंदी को पहले अपने गले लगाया और उन्हें बैल का चेहरा देकर उन्हें अपने वाहन, अपना दोस्त, अपने गणों में सर्वोत्तम के रूप में स्वीकार कर लिया।



# शिवलिंग पर दूध चढ़ाने का पौराणिक और साइंटिफिक कारण

**शिव मंदिर में शिवलिंग पर जल के अलावा दूध, घी, शहद, दही आदि क्यों अर्पित किए जाते हैं? इसके दो कारण है पहला कारण तो पौराणिक है और दूसरा कारण साइंटिफिक है। आओ जानते हैं हम दोनों ही कारणों को संक्षिप्त में।**

पौराणिक कथा के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ तो सबसे पहले उसमें से विष निकला। इस विष से संपूर्ण संसार पर विष का खतरा मंडराने लगा। इस विपत्ति को देखते हुए सभी देवता और दैत्यों ने भगवान शिव से इससे बचाने की प्रार्थना की। क्योंकि केवल भगवान शिव के पास ही इस विष के ताप और असर को सहने की क्षमता थी। तब भगवान शिव ने संसार के कल्याण के लिए बिना किसी देरी के संपूर्ण विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। विष का तीखापन और ताप इतना ज्यादा था कि भोले बाबा का कंठ नीला हो गया और उनका शरीर ताप से जलने लगा। जब विष का घातक प्रभाव शिव और शिव की जटा में विराजमान देवी गंगा पर पड़ने लगा तो उन्हें शांत करने के लिए जल की शीतलता कम पड़ने लगी। उस वक्त सभी देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक करने के साथ ही उन्हें दूध ग्रहण करने का आग्रह किया ताकि विष का प्रभाव कम हो सके। सभी के कहने से भगवान शिव ने दूध ग्रहण किया और उनका दूध से अभिषेक भी किया गया। तभी से ही शिवलिंग पर दूध चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। कहते हैं कि दूध भोले बाबा का प्रिय है और उन्हें सावन के महीने में दूध से स्नान कराने पर सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।


## साइंटिफिक कारण


- कहते हैं कि शिवलिंग एक विशेष प्रकार का पत्थर होता है। इस पत्थर को क्षरण से बचाने के लिए ही इस पर दूध, घी, शहद जैसे चिकने और ठंडे पादार्थ अर्पित किए जाते हैं।
- अगर शिवलिंग पर आप कुछ वसायुक्त या तैलीय सामग्री अर्पित नहीं करते हैं तो समय के साथ वे भंगुर होकर टूट सकते हैं, परंतु यदि उन्हें हमेशा गीला रखा जाता है तो वह हजारों वर्षों तक ऐसे के ऐसे ही बने रहते हैं। क्योंकि शिवलिंग का पत्थर उपरोक्त पदार्थों को एब्जॉर्ब कर लेता है जो एक प्रकार से उसका भोजन ही होता है।
- शिवलिंग पर उचित मात्रा में ही और खास समय पर ही दूध, घी, शहद, दही आदि अर्पित किए जाते हैं और शिवलिंग को हाथों से रगड़ा नहीं जाता है। यदि अत्यधिक मात्रा में अभिषेक होता है या हाथों से रगड़ा जाता है तो भी शिवलिंग का क्षरण हो सकता है। इसीलिए खासकर सोमवार और श्रावण माह में ही अभिषे करने की परंपरा है।

# हत्याहरण तीर्थ सरोवर

हम आपको एक ऐसे सरोवर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसमें स्नान करने के बाद आपके सारे पाप समाप्त हो जाते हैं और पुनः साफ-सुथरे मन से आप आगे का जीवन जीने के लिए अग्रसर हो सकते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, इस सरोवर से जुड़ी कथाएं व यहां के लोगों की आस्था इस बात का प्रतीक है कि इस सरोवर में नहाने से लोगों के पाप नष्ट हो जाते हैं। इस सरोवर से जुड़ी कथाओं की पुष्टि करने के लिए जब हम उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ से लगभग 150 किलोमीटर की दूरी पर बने, जो हरदोई जनपद की संडीला तहसील में पवित्र नैमिषारण्य परिक्रमा क्षेत्र में स्थित है। जब हम इस सरोवर के साक्षात दर्शन करने पहुंचे तो इस सरोवर से जुड़ी लोगों की आस्थाओं को देखकर एक बार विश्वास हो चला कि हो ना हो इस सरोवर में स्नान करने के बाद कहीं न कहीं पापों से मुक्ति मिल जाती है क्योंकि सरोवर में स्नान करने वालों की अपार भीड़ थी। इस सरोवर से जुड़ी कथाओं को जानने का प्रयास किया तो कई बातें सामने निकलकर आईं। सरोवर के पास पीढ़ियों से फूलमालाओं का काम करने वाले 80 साल के जगन्नाथ से इस सरोवर से जुड़ी बातों को जानना चाहा तो जगन्नाथ ने बताया की पौराणिक बातों में कितनी सत्यता है, इसकी पुष्टि तो वे नहीं करते लेकिन जो वह बताने जा रहे हैं, इसके बारे में उन्होंने अपने पिताजी से सुना था। उन्होंने कि कहा जब मैं अपने पिताजी के साथ इस सरोवर पर फूल बेचने के लिए आता था तो मैंने एक दिन अपने पिता से पूछा कि यहां पर इतने सारे लोग क्या करने आते हैं तो उन्होंने मुझे बताया कि हजारों वर्ष पूर्व जब भगवान राम ने रावण का वध कर दिया था तो उन्हें ब्रह्महत्या का दोष लग गया था। उस पाप को मिटाने के लिए भगवान राम भी इस सरोवर में स्नान करने आए थे। **इस सरोवर के निर्माण के बारे में शिव पुराण में वर्णन है कि माता पार्वती के साथ भगवान भोलेनाथ एकांत की खोज में निकले और नैमिषारण्य क्षेत्र में विहार करते हुए एक जंगल में जा पहुंचे। वहां पर सुरम्य जंगल मिलने पर तपस्या करने लगे। तपस्या करते हुए माता पार्वती को प्यास लगी। जंगल में कहीं जल न मिलने पर उन्होंने देवताओं से** पानी के लिए कहा तब सूर्य देवता ने एक कमंडल जल दिया। देवी पार्वती ने जलपान करने के बाद शेष बचे जल को जमीन पर गिरा दिया। तेजस्वी पवित्र जल से वहां पर एक कुंड का निर्माण हुआ और जाते वक्त भगवान शंकर ने इस स्थान का नाम प्रभास्कर क्षेत्र रखा।

यह कहानी सतयुग की है। काल बीतते रहे द्वापर में ब्रम्हा द्वारा अपनी पुत्री पर कुदृष्टि डालने पर पाप लगा। उन्होंने इस तीर्थ में आकर स्नान किया तब वे पाप मुक्त हुए। जगन्नाथ ने बताया कि तब से यहां पर मान्यता चली आ रही है की जो इस स्थान पर आकर स्नान करेगा वह पाप मुक्त हो जाएगा। हत्या मुक्त हो जाएगा। यहां पर राम का एक बार नाम लेने से हजार नामों का लाभ मिलेगा। **तब से आज तक लोग यहां इस पावन तीर्थ पर आकर हत्या, गोहत्या एवं अन्य पापों से मुक्ति पा रहे हैं।**





# फेंगशुई क्या है? कैसे करता है लाइफ को प्रभावित

**फेंगशुई चीन का वास्तु शास्त्र है जिसका भारत में भी बहुत ज्यादा प्रचलन हो चला है। फेंगशुई के कई आइटम आजकल बाजार में मिलते हैं। जैसे विंड चाइम, लाफिंग बुद्धा, कछुआ, तीन टांगों वाला मेंढक, मछलीघर, तीन सिक्के, क्रिस्टल-ट्री, बांस का पौधा आदि। आओ जानते हैं कि कैसे करता है लाइफ को प्रभावित फेंगशुई।**

## वायु और जल

फेंग और शुई का शाब्दिक अर्थ है वायु और जल। फेंगशुई के टिप्स घर के वायु और जल को सकारात्म दिशा देने वाले होते हैं। यह घर के वातारवण को प्रभावित करता है।

## प्रकाश

यदि घर में नकारात्मक प्रकाश कहीं से आ रहा है या घर में ही कहीं नकारात्मक प्रकाश है तो फेंगशुई उस प्रकाश को सकारात्मक प्रकाश में बदलकर हमारी लाइफ को प्रभावित करता है।

## मानसिक दशा

फेंगशुई घर के लोगों की मानसिक दशा बदलने का कार्य भी करता है। इसके लिए फेंगशुई के जो आइटम घर में रखते हैं उससे लोगों की मानसिकता बदलती है। जैसे लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से मानसिक परेशानी दूर होती है। इसी तरह के अन्य कई आइटम हैं।

## दिशाओं के गलत प्रभाव को रोकना

फेंगशुई पूरी तरह से पांच तत्वों पानी, अग्नि, पृथ्वी, धातु, लकड़ी के तत्वों पर कार्य करती है। फेंगशुई के अनुसार इन पांच तत्वों की मदद से दिशाओं के गलत प्रभावों पर काबू पा सकते हैं।

## घर की उर्जा

घर में बिना तोड़फोड़ किए ही फेंगशुई साधनों का उपयोग कर घर को अपने अनुरूप बनाया जा सकता है। इन साधनों का उपयोग कर फेंगशुई की सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह में वृद्धि की जा सकती है।

## ची ऊर्जा

फेंगशुई के अंतर्गत विभिन्न प्राकृतिक तत्वों का प्रतिनिधित्व करने वाली वस्तुओं को उचित दिशा और स्थान पर रखने से 'ची' यानी कि ऊर्जा का सकारात्मक प्रवाह सुनिश्चित किया जाता है। घर की 'ची' ऊर्जा को संतुलित करने के लिए सबसे अहम चीजों में से एक होती है उचित प्राकृतिक प्रकाश और हवा की व्यवस्था। फेंगशुई इसी संबंध में जानकारी देता है।

## रंग

घर की खूबसूरती और ऊर्जा में रंगों की बड़ा योगदान रहता है। सही स्थान पर सही प्रकार के रंग का प्रयोग उसे सुंदर भी बनाता है और साथ ही वहां की ऊर्जा का भी प्रकृति के साथ समायोजन कर देता है। फेंगशुई के प्रोडक्ट्स या आइटम न सिर्फ किसी स्थान की ऊर्जा को संतुलित करने का काम करते हैं, बल्कि यह सजावट के रूप में भी काम में लिए जा सकते हैं।

## साफ-सफाई

फेंगशुई के वास्तु के अनुसार घर की साफ सफाई का आपके घर के वातावरण और मानसिकता पर असर पड़ता है। अतः साफ-सफाई का रहना जरूरी है।

## ग्रीनरी और गार्डन

फेंगशुई के अनुसार घर की ग्रीनरी सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाती है। इनडोर प्लांट्स घर में खुशियां लाते हैं और घर के हर कोने को आकर्षक बना देते हैं। इसीलिए फेंगशुई में बांस का पौधा बोनसाई पौधों रखने का प्रचलन है।

## रिश्ते और खुशी

फेंगशुई के अनुसार धन, सुख, सौभाग्य के साथ ही रिश्तों में मधुरता और खुशी के लिए फेंगशुई के उपाय कारगर सिद्ध होते हैं। हर कोई यदि चाहता है कि हम खुश रहें। फेंगशुई के आइटम यही कार्य करते हैं।



# उर्विल पटेल का अर्धशतक, चेन्नई ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 5 विकेट से हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को आठ विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपर जायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे।

इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के ओवरों के नुकसान की भरपाई की। शाहबाज ने 25 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और गायकवाड़ ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। सैमसन कुछ आकर्षक शॉट खेलने के बाद चौथे ओवर में राठी की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद उर्विल पटेल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही मैच का रुख पलट दिया। आवेश खान के खिलाफ लगातार तीन छक्के जड़ने के बाद राठी तीन छक्के और चौका लगाकर पावरप्ले में सुपरकिंग्स के स्कोर को एक विकेट पर 97 रन तक पहुंचा दिया। उन्होंने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शमी के खिलाफ छक्का लगाने के बाद एक रन साथ 13 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर अपनी इस उपलब्धि को अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने जेब से एक कागज निकाला, जिस पर लिखा था, 'यह आपके लिए है पापा।'

राठी ने आसान कैच टपकाकर उन्हें जीवनदान दिया लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे।। उन्होंने आवेश खान की गेंद पर कैच देकर अपना विकेट गंवा दिया। सुपरजायंट्स के गेंदबाजों ने इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाना शुरू किया और शाहबाज ने गायकवाड़ को बोल्ड कर बड़ी सफलता हासिल की। कार्तिक शर्मा (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (10) सहज नजर नहीं आए। जरूरी रनगति के बढ़ने के साथ ही ब्रेविस राठी की गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। आवेश ने अगले ओवर की पहली गेंद पर कार्तिक को पवेलियन की राह दिखा दी। दो गेंद पर दो विकेट के साथ सुपरजायंट्स ने मैच में अच्छी वापसी की, लेकिन इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये प्रशांत ने 18वें ओवर में प्रिंस के खिलाफ छक्का जड़ा। अगले ओवर में आवेश की गेंद पर उन्हें लगातार दो जीवनदान मिले। राठी और निकोल्स पूरन ने उनका कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने छक्का जड़कर इसका जश्न मनाया, जिससे टीम को आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी।

क्रीज पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों की मौजूदगी के कारण पंत ने शाहबाज की जगह गेंद मारक्रम को सौंपी, लेकिन दुबे के दो गगनचुंबी छक्कों के साथ मैच खत्क किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर इंग्लिस ने



अकील हुसैन के खिलाफ साइट स्क्रीन के ऊपर से छक्का जड़ने के बाद मुकेश चौधरी और कंबोज के खिलाफ सहजता से बड़े शॉट खेलते हुए 3.4 ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा कर दिया। यह सुपरजायंट्स का सबसे तेज अर्धशतक है। इंग्लिस ने इन दोनों तेज गेंदबाजों के खिलाफ रिवर्स स्कूप पर दो कमाल के छक्के लगाए। उन्होंने 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। कंबोज ने मिचेल मार्श को आउट कर 31 गेंद में 77 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस साझेदारी में मार्श का योगदान 10 गेंद में 10 रन का था।

नूर ने पावरप्ले के बाद निकोल्स पूरन (एक) का अपनी फिरकी में फंसाकर कैच कराया। पावरप्ले में सुपरजायंट्स ने इस सत्र का अपना सर्वोच्च स्कोर एक विकेट पर 91 रन बना लिए। ओवरटन के खिलाफ 10वें ओवर में इंग्लिस एक बार फिर स्कूप करने की कोशिश में विकेटकीपर सैमसन को कैच दे बैठे। कप्तान ऋषभ पंत (15) का खराब फॉर्म जारी रहा और वह इसी ओवर में गेंद को विकेटों पर खेल गए। टीम अभी इन झटकों से उबरी भी नहीं थी कि ब्रेविस ने बाउंड्री के बाउंड्री के पास से सीधे विकेटों पर थ्रो कर मारक्रम (छह) को रन आउट कर दिया। अक्षत रघुवंशी (18) ओवरटन का तीसरा शिकार बने। हिम्मत ने क्रीज पर आते ही छक्का जड़कर आत्मविश्वास दिखाया, वहीं एक छोर से संभलकर खेलने के बाद शाहबाज ने 19वें ओवर में ओवरटन के खिलाफ दो चौके और एक छक्का जड़कर 17 रन बटोरे इस गेंदबाज के आंकड़े खराब किये। इस बायें हाथ के बल्लेबाज पारी की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचा दिया।

# आईपीएल अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात टाइटंस

**जयपुर (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हराकर आईपीएल के 19 वें सत्र में लगातार चौथी जीत के साथ ही अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। यह गुजरात की रनों को देखते हुए आईपीएल में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाये। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 16.3 ओवर में ही केवल 152 रनों पर ही सिमट गयी।

इस मैच में शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 118 रन बनाये। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि शुभमन ने 44 गेंदों पर 84 रन बनाये। वहीं अंत में, वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में नाबाद 37 रन और राहुल तेवतिया ने नाबाद 14 रन बनाकर टीम को 229 के लक्ष्य तक पहुंचाया। गुजरात टाइटंस की ओर से बृजेश शर्मा ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए।

इसके बाद 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल सिर्फ 3 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए। वैभव सूर्यवंशी 36 रन पर ही आउट हो गये। ध्रुव जुरेल 24 और शिमरोन हेटमायर 6 रनों पर ही आउट हो गये। रवींद्र जडेजा ने 25 गेंदों में 38 रन बनाये। शुभम दुबे 15 और जोफ्रा आर्चर 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। दासुन शनाका ने 16 रन बनाये।

दूसरी ओर गुजरात से राशिद खान ने 33 रन देकर 4 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने भी कमाल की गेंदबाजी करते हुए 2.3 ओवर में महज 12 रन खर्च कर 3 विकेट लिए। वहीं कगिसो रबाडा को दो और सिराज को एक विकेट मिला। यह गुजरात टाइटंस की रनों के हिसाब से आईपीएल में सबसे बड़ी जीत है, जिसने उनके 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 62 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं, राजस्थान रॉयल्स को यशस्वी जायसवाल की कप्तानी में अपनी चौथी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही गुजरात 11 मैचों में 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि राजस्थान को 11 मैचों में अपनी 5वीं हार झेलनी पड़ी और वह अंक तालिका में वह 5वें पायदान पर फिसल गई है। यह गुजरात की इस सत्र की सातवीं जीत थी। सनराइजर्स हैदराबाद 14 अंक और बेहतर रन रेट होने के कारण पहले स्थान पर है, वहीं पंजाब किंग्स 13 अंक लेकर तीसरे जबकि रॉयल चैलेंजर्स और राजस्थान रॉयल्स 5-5 अंक लेकर चौथे और पांचवे नंबर पर है।

# शुभमन लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**जयपुर (एजेंसी)।** गुजरात टाइंटस के कप्तान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। शुभमन ने इस मैच में 44 गेंदों पर ही 84 रनों की पारी के साथ ही अपने 400 आईपीएल रन पूरे किये। इसी के साथ ही शुभमन लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले विश्व के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। शुभमन ने साल 2020 के सत्र से ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं साल 2026 के सत्र में भी यह सिलसिला बना रहा। उन्होंने साल 2020 और 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते हुए ये उपलब्धि हासिल की थी। इसके बाद साल 2022 में गुजरात टाइटंस से जुड़ने के बाद से ही वह लगातार रन बनाते आये हैं। आईपीएल में उनसे पहले केवल दो खिलाड़ियों के नाम ही ये रिकार्ड है।

वहीं इससे पहले सुरेश रैना ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से साल 2008 से 2014 तक लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 से अधिक रन बनाए थे। रैना ने इस दौरान सीएसके के आधार बने रहे। उनके बाद सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी यह रिकार्ड अपने नाम किया। धवन ने साल 2016 से 2022 तक लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 या उससे अधिक रन बनाए। इस अवधि में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद (2016-2018), दिल्ली कैपिटल्स (2019-2021) और पंजाब किंग्स (2022) का प्रतिनिधित्व करते हुए जमकर रन बनाये। अब शुभमन भी इस विशेष क्लब में शामिल हो गये हैं। गिल की व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ-साथ, उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने इस मैच में रॉजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हरा दिया।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स की टीम लगातार तीन हार के बाद अंकतालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सत्र की शुरुआत से ही बेहतर प्रदर्शन कर रही पंजाब का प्रदर्शन पिछले कुछ मुकाबलों में गिरा है। ऐसे में उसे जीत के लिए अपने क्षेत्ररक्षण को भी बेहतर करना होगा। हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में टीम ने काफी कैच छोड़े थे जिससे उसके हाथ से मैच निकल गया था। इसके अलावा उसके गेंदबाज भी पिछले मैच में असफल रहे थे। उसे अब ये कमी भी दूर करनी होगी। पंजाब की बल्लेबाजी प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह के अलावा श्रेयस पर भी निर्भर करेगी। गेंदबाजी में उसके पास तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर यजुवेन्द्र चहल भी हैं। पंजाब के अभी 13 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में पहुंचने दो जीत चाहिये। ऐसे में टीम का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही लय हासिल करना रहेगा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की टीम 8 अंक लेकर आठवें स्थान पर है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं पर वह




पंजाब का खेल जरुर बिगाड़ सकती है।

अक्षर पटेल की कप्तानी में कैपिटल्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है। टीम अपने पिछले छह मुकाबलों में से पांच हारी है और अंक तालिका में आठवे नंबर पर है। टीम के बल्लेबाज ओर गेंदबाज उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बल्लेबाजी में केवल केएल राहुल ही रन बना पाये हैं। गेंदबाजी में उसके पास मिचेल स्टार्क और टी नटराजन भी हैं। स्टार्क भी वापसी के बाद से ही प्रभावित नहीं कर पाये हैं जिससे भी टीम का प्रदर्शन खराब हुआ है। अब तक दोनो टीमों के बीच 36 मैच हुए हैं जिसमें से पंजाब ने 18 जबकि दिल्ली ने 17 जीते हैं।

### पंजाब किंग्स संभावित टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लह उमरजई, मार्को यानसेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, प्रवीण दुबे, पायला अविनाश और विशाल निषाद।

### दिल्ली कैपिटल्स संभावित टीम

अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, लोकेश राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी शॉ, काइल जेमिसन, अजय जाधव मंडल, माधव तिवारी, साहिल पारख, करुण नायर और टी नटराजन।

# चहल को ई-सिगरेट सेवन के लिए होनी चाहिये जेल : शिवरामकृष्णन

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने पंजाब किंग्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल के उड़ान के दौरान ई सिगरेट (वेप) का सेवन करने को लेकर कड़ी फटकार लगायी है। शिवरामकृष्णन के अनुसार इस प्रकार के गलत काम के लिए चहल पर जुर्माना ही काफी नहीं होगा। उन्हें जेल भी भेजा जाना चाहिये। शिवरामकृष्णन ने इस मामले को लेकर चहल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है। चहल पर हैदराबाद की फ्लाइट में वेप सेवन का आरोप है। इसका एक वीडियो भी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने जारी किया था। चहल आईपीएल 2026 के दौरान वेप का सेवन करने के मामले में फंसे दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग भी पंजाब किंग्स के ड्रेसिंग रूम में वेप का सेवन करते पकड़े गये थे। इस कारण उनपर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगा था पर शिवरामकृष्णन का मानना है कि चहल का मामला अलग है उन्होंने लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाला है उन्हें इसके लिए जेल भेजा जाए। शिवरामकृष्णन ने सोशल मीडिया में लिखा, ''भारत में वेप पर प्रतिबंध है। उन्हें जेल में होना चाहिए। कानून बनाकर अगर उन्हें लागू नहीं किया जाए तो उसका क्या लाभ। मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना तो बहुत कम है। साथ ही सवाल किया कि अगर कोई आम आदमी ऐसा करता तो उसके खिलाफ भी क्या यही कार्रवाई होती?' वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अपनी सलाह में लिखा, ड्रेसिंग रूम और टूर्नामेंट वेन्यू के अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में वेपिंग के मामले बीसीसीआई की नजर में आए हैं।

# धोनी को खेलते रहना चाहिए, उनके जैसा विकेटकीपर कोई नहीं : माइकल क्लार्क



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उम्र बढ़ने के बावजूद उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहिए। क्लार्क का मानना है कि धोनी का खेल पर प्रभाव आज भी बेहद खास है और टी20 क्रिकेट में उनसे बेहतर विकेटकीपर कोई नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन धोनी क्रिकेट से संन्यास लेंगे, उसके बाद शायद वह किसी भी रूप में खेल से जुड़े नजर नहीं आएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 शुरू होने से पहले महेंद्र सिंह धोनी को पिंडली में खिंचाव की समस्या हो गई थी। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से जानकारी दी गई थी कि 44 वर्षीय धोनी शुरुआती कुछ मुकाबले ही मिस करेंगे। हालांकि टीम अब तक 10 मैच खेल चुकी है, लेकिन धोनी मैदान पर वापसी नहीं कर पाए हैं। वह लगातार नेट्स में अभ्यास जरूर कर रहे हैं, लेकिन मैचों के दौरान टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे। उनकी गैरमौजूदगी ने प्रशंसकों को निराश किया है, लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते। एक पॉडकास्ट' में बातचीत के दौरान माइकल क्लार्क ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ही चेन्नई सुपर किंग्स की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जब भी चेन्नई का मैच होता है तो स्टेडियम में ज्यादातर दर्शक नंबर 7 वाली पीली जर्सी पहनकर पहुंचते हैं। यहां तक कि टीम के साथ जुड़ने वाले प्रायोजक भी चाहते हैं कि धोनी टीम का हिस्सा बने रहें। क्लार्क ने कहा कि भारत और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों के लिए धोनी का महत्व बेहद बड़ा है और उम्र को उनकी क्षमता का पैमाना नहीं माना जाना चाहिए। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि कोई भी उन्हें यह समझा नहीं सकता कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में धोनी से बेहतर विकेटकीपर मौजूद है। उनके अनुसार धोनी की विकेटकीपिंग कौशल, मैच को पढ़ने की क्षमता और दबाव में शांत रहने का अंदाज उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है। उन्होंने प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से अपील की कि वे धोनी के संन्यास की मांग करना बंद करें और उन्हें जितना चाहें उतना क्रिकेट खेलने दें।

# वैभव सूर्यवंशी टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में अपनी 36 रनों की पारी में तीन छक्के लगाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है।अपनी इस पारी के साथ ही वैभव ने टी20 क्रिकेट में एकसाथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं।

वैभव अब टी20 क्रिकेट में सबसे तेज और सबसे कम उम्र में 100 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने केवल 29 टी20 पारियों में हासिल की, जो अपने आप में एक बड़ा रिकार्ड है। वैभव ने केवल 514 गेंदों में अपने 100 टी20 छक्के पूरे कर लिए हैं, जो इससे पहले किसी भी बल्लेबाज ने इतनी कम गेंदों में नहीं किया था।




वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज करणबीर सिंह ने 813 और वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेर कीरोन पोलार्ड ने 843 गेंदों में 100 टी20 छक्के लगाए थे।

वैभव ने पावरप्ले में सबसे अधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड भी बनाया है। उन्होंने मौजूदा सीजन में पावरप्ले के भीतर कुल 30 छक्के लगाये हैं, जिससे उन्होंने 2024 सीजन में अभिषेक द्वारा बनाए गए 29 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक शर्मा ने 2026 सीजन में भी 27 छक्के लगाए हैं, जबकि सनथ जयसूर्या (2008), ट्रेविस हेड (2024) और यशस्वी जायसवाल (2025) जैसे दिग्गजों ने अपने-अपने सीजन में 22-22 छक्के लगाए थे। अगर देखा जाये तो वैभव ने अबतक के आईपीएल सीजन में 40 छक्के लगाए हैं, जो किसी एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीयों की सूची में अभिषेक शर्मा (42 छक्के, 2024) के बाद दूसरे स्थान पर है। श्रेयस अय्यर (39 छक्के, 2025), विराट कोहली (38 छक्के, 2016 और 2024) और सूर्यकुमार यादव (38 छक्के, 2025) जैसे नाम भी इस विशिष्ट सूची में शामिल हैं, जो वैभव की उपलब्धियों को और भी खास बनाते हैं।

# राशिद आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले विदेशी स्पिनर बने

जयपुर। गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। राशिद ने इस मैच में चार विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को 152 रनों पर आउट करने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। राशिद अब आईपीएल इतिहास में विदेशी स्पिनर के तौर पर सबसे ज्यादा बार तीन या उससे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इसी के साथ ही कोलकाता नाइटराइजर्ड (केकेआर) के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन को भी पीछे छोड़ दिया है। यह ये 18 वीं बार है जब राशिद ने आईपीएल मैच में तीन या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही अब वह अमित मिश्रा और रवींद्र जडेजा जैसे प्रमुख स्पिनरों से आगे निकल गए हैं। अब केवल स्पिनर युजवेंद्र चहल ही उनसे आगे हैं, जिन्होंने 23 बार यह कारनामा किया है। अगर हम तेज गेंदबाजों को भी शामिल कर लें, तो राशिद से अधिक विकेट केवल जसप्रीत बुमराह के नाम 25, भुवनेश्वर कुमार के 21 और लसिथ मलिंगा के नाम 19 विकेट हैं। मैच के बाद अपनी गेंदबाजी पर बात करते हुए राशिद खान ने बताया कि पहली गेंद फेंकते ही उन्हें पिच से मदद मिलने का एहसास हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे बस अपनी गेंदों की गति को लगातार बदलते रहना था। मैं सही जगह पर गेंद डालने और स्टंप्स को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा था। मुझे लगा कि अगर मैं स्टंप्स से दूर गेंद डालूंगा, तो बल्लेबाज के लिए रन बनाना या चौका मारना आसान हो जाएगा। उन्होंने आगे जोर दिया कि उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण सही लेंथ और लाइन पर ध्यान देना था, ताकि गेंद तीनों स्टंप्स के बीच ही रहे। राशिद ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने फरेरा को आउट करने के बारे में पहले ही सोच लिया था और उनके दिमाग में पूरी योजना तैयार थी। जैसे ही गेंद उनके हाथ से निकली, उन्हें यकीन हो गया था कि विकेट मिलने वाला है।




# फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में दिखेगा नोरा फतेही का जलवा

**- अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिखेरेंगी भारतीय प्रतिभा की चमक**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड की मशहूर डांसर और ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने जा रही हैं। नोरा अब फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में अपनी शानदार परफॉर्मेंस और सिंगिंग का जलवा बिखेरेंगी। यह भव्य आयोजन कनाडा के टोरंटो शहर में आयोजित किया जाएगा। नोरा का इस प्रतिष्ठित मंच पर शामिल होना भारतीय मनोरंजन जगत के लिए बेहद गर्व की बात माना जा रहा है। दुनियाभर में अपनी डांस परफॉर्मेंस और स्टेज प्रेजेंस के लिए पहचान बना चुकीं नोरा अब वैश्विक स्तर पर एक बार फिर भारतीय कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी 12 जून को टोरंटो के प्रसिद्ध बीएमओ फील्ड स्टेडियम में आयोजित होगी। इस खास कार्यक्रम में नोरा फतेही के साथ कई बड़े अंतरराष्ट्रीय कलाकार भी मंच साझा करेंगे। इनमें माइकल बुबले, एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, संजॉय, वेगेड्रीम और विलियम प्रिंस जैसे लोकप्रिय नाम शामिल हैं। वहीं अमेरिका में आयोजित होने वाली दूसरी ओपनिंग सेरेमनी में अनीता, फ्यूचर, कैटी पेरी, लिसा, रेमा और टायला जैसे ग्लोबल सुपरस्टार्स अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस तरह फीफा वर्ल्ड कप 2026 सिर्फ फुटबॉल का महाकुंभ नहीं बल्कि संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का भी विशाल उत्सव बनने जा रहा है।

फीफा की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, कनाडा में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी के जरिए देश की संस्कृति, विविधता और परंपराओं को दुनिया के सामने पेश किया जाएगा। समारोह में कनाडा की खूबसूरत लोकेशनों और सांस्कृतिक विरासत को विशेष प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक यह कार्यक्रम एकता, उत्साह और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक होगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि टोरंटो में होने वाली यह ओपनिंग सेरेमनी कनाडा की पहचान और फुटबॉल के प्रति वहां के लोगों के उत्साह को दुनिया के सामने पेश करेगी।

# इटेलियन ओपन में सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

रोम। इटेलियन ओपन में कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं। दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिंगल्स के



राउंड ऑफ़ 32 में लगा, जहां दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिस्टिर्या से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। सिस्टिर्या ने बेसलाइन से सबालेंका के साथ जोरदार मुकाबला किया और नेट की ओर आक्रामक रुख अपनाकर बेलारूस की इस खिलाड़ी को बार-बार परेशान किया, जिससे उन्हें दूसरे सेट के आठवें गेम में एक महत्वपूर्ण 'ब्रेक' हासिल हुआ। सबालेंका को सिस्टिर्या के खेल की विविधता का सामना करने में मुश्किल हुई और उन्होंने लगातार 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) करना शुरू कर दिया। निर्णायक सेट के पांचवें गेम में सिस्टिर्या ने अपने चौथे 'ब्रेक पॉइंट' के मौके को भुनाते हुए एक और 'ब्रेक' हासिल किया और फिर अपनी सर्विस के साथ मैच जीत लिया; यह किसी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ उनके करियर की पहली जीत थी। जीत के बाद सिस्टिर्या ने कहा, 'शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ आप सिर्फ़ सुरक्षित खेल नहीं खेल सकते। वे आपको जीत थाली में परोसकर नहीं देंगी। आपको जीत खुद हासिल करनी पड़ती है।'

# भारतीय महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में चीन को हराकर स्वर्ण जीता

**शंघाई (एजेंसी)।** दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और युवा कुमकुम मोहोद वाली भारतीय महिला रिकर्व टीम ने यहां हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में चीन को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। दीपिका, अंकिता और कुमकुम ने मेजबान चीनी खिलाड़ियों को फाइनल शूट-ऑफ मुकाबले में 5-4 (28-26) से हराया। इसी के साथ ही भारतीय महिला रिकर्व टीम ने साल 2021 के बाद विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक जीता है।

भारतीय टीम ने पहले सेट में 54-53 के अंतर से जीत हासिल की। इसके बाद चीनी टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए अगले दो सेट (55-52 और 57-56) जीते और 4-2 की बढ़त बना ली, जिससे भारतीय खेमे पर दबाव बढ़ गया। भारतीय टीम ने चौथे सेट में मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया, जिससे जीत का फैसला शूट-ऑफ पर आ टिका।

निर्णायक शूट-ऑफ में, भारतीय तीरंदाजों ने जबरदस्त खेल दिखाया। अंकिता भकत ने सटीक नौ अंक हासिल किये। इसके बाद कुमकुम मोहोद ने दबाव के बीच सीधा 10 का स्कोर किया। जीत के लिए भारत को केवल आठ अंक की आवश्यकता थी, और अनुभवी दीपिका कुमारी ने नौ अंक हासिल कर भारतीय टीम को जीत दिला दी। इससे आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भी टीम का मनोबल बढ़ा है।

भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया और फिर, चीन को उसके घरेलू मैदान पर हराया था। ये जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि टीम बिना किसी राष्ट्रीय कोच के खेल रही थी। शंघाई विश्व कप में भारत के लिए यह दूसरा पदक है। इससे पहले, कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने कांस्य पदक जीतकर देश का खाता खोला था।



